## संसद और विधानसभा में महिलाओं को 33% आरक्षण का अधिनियम...

# नारी शक्ति वंदन के समर्थन में निगम परिषद का विशेष सम्मेलन, सर्वसम्मति से समर्थन








**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**भोपाल।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम (2023) एक ऐतिहासिक कानून है जो लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में महिलाओं के लिए 33% (एक-तिहाई) सीटें आरक्षित करता है। इस कानून का मुख्य उद्देश्य राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाकर उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल करना और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है, जिसे 2029 तक लागू करने का प्रस्ताव है।



**नारी शक्ति वंदन अधिनियम की मुख्य विशेषताएं:**

**33% आरक्षण:** लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं में एक-तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित। **अवधि:** यह आरक्षण 15 वर्षों के लिए लागू होगा, लेकिन संसद के पास इसे बढ़ाने का अधिकार होगा। **अनुसूचित जाति/जनजाति:**
आरक्षित सीटों में से ही अनुसूचित जाति (SC) और अनुसूचित जनजाति (ST) की महिलाओं के लिए भी सीटें होंगी।
**लागू करने की प्रक्रिया:** यह कानून परिसीमन (Delimitation) के बाद लागू होगा, जिसके 2029 के लोकसभा चुनावों से लागू होने की संभावना है।
**उद्देश्य:** महिलाओं को केवल 'लाभार्थी' (Beneficiary) से 'निर्णायक' (Decision-maker) बनाना।

**नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में निगम परिषद का विशेष सम्मेलन**

भारत सरकार द्वारा पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम (2023), जो संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33% आरक्षण प्रदान करता है, के समर्थन में भोपाल नगर निगम परिषद का विशेष सम्मेलन आयोजित किया गया। इस अधिनियम का उद्देश्य महिलाओं को राजनीति में निर्णायक भूमिका प्रदान करना और उन्हें केवल लाभार्थी से निर्णयकर्ता बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाना है।

**सम्मेलन की प्रमुख बातें:**

-अधिनियम का सर्वसम्मति से समर्थन किया गया।
-बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई, जो निगम परिषद के कार्यकाल में एक उल्लेखनीय घटना रही। -भोपाल की विशेष स्थिति: महापौर, नेता प्रतिपक्ष और निगम आयुक्त - तीनों ही महिलाएं।

**महापौर का वक्तव्य:**

महापौर श्रीमती मालती राय ने कहा कि 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को राजनीति में सशक्त बनाने का ऐतिहासिक अवसर है। भोपाल नगर निगम परिषद इस अधिनियम का पूर्ण समर्थन करती है और हम सभी मिलकर महिला सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ेंगे। 'नगरीय विकास विभाग ने सभी नगरीय निकायों को इस मुद्दे पर विशेष सम्मेलन करने के निर्देश दिए हैं। महापौर मालती राय ने कहा कि भोपाल में स्थिति इसलिए विशेष है क्योंकि यहां महापौर, नेता प्रतिपक्ष और निगम आयुक्त तीनों ही महिलाएं हैं।

**राष्ट्रीय समर्थन:**

-महापौर मालती राय को संसद की कार्यवाही देखने हेतु विशेष निमंत्रण प्राप्त हुआ है।
- उनके साथ श्रीमती कृष्णा गौर (राज्य मंत्री), गुंजन चौकसे (मीडिया प्रभारी, बीजेपी), नीतू सिंह (कार्यकर्ता, बीजेपी). प्रियंका मिश्रा - पार्षद भोपाल, व अन्य लोग भी दिल्ली गए है।

अखिल भारतवर्षीय हैहय कलचुरी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जय नारायण चौकसे एवं अन्य पदाधिकारियों राष्ट्रीय महासचिव (कार्यालय) एम.एल. राय, राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) राजेंद्र बाबू- केरला, राष्ट्रीय महासचिव (प्रचार) सी.पी. शिवहरे- मुरैना, राष्ट्रीय सचिव (कार्यालय एवं मीडिया प्रभारी) हरिराम राय, (प्रदेश जी, महासचिव, संगठन)- ओ.पी. चौकसे- म.प्र. प्रदेश महासचिव, कार्यालय- वीरेन्द्र पप्पू राय - म.प्र.) ने एवं अन्य सामाजिक संगठन और समाज भाई लोगों ने अधिनियम का समर्थन करते हुए महापौर के कार्यों की सराहना की और भविष्य में भी सहयोग का आश्वासन दिया।

**निष्कर्ष:**

नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को राजनीति में समान अवसर प्रदान करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। भोपाल नगर निगम परिषद और सामाजिक संगठनों का सर्वसम्मति से समर्थन इस बात का प्रमाण है कि समाज महिला सशक्तिकरण के लिए एकजुट है।
उक्त जानकारी हरिराम राय (राष्ट्रीय सचिव, कार्यालय एवं मीडिया प्रभारी) बीरेंद्र पप्पू राय (प्रदेश महासचिव, कार्यालय) अखिल भारतवर्षीय हैहय कलचुरि महासभा ने दी।

# कलचुरी महासंघ ग्वालियर ने रामअवतार शिवहरे को बनाया चंबल संभाग का अध्यक्ष



**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**ग्वालियर।** कलचुरी महासंघ ग्वालियर ने राम अवतार शिवहरे को चंबल संभागीय अध्यक्ष एवं प्रभारी बनाया सर्व सम्मति से आपकी समाज सेवा में लगन, कर्मठता को देखते हुए कलचुरी महा संघ ग्वालियर ने राम अवतार शिवहरे को चंबल संभागीय अध्यक्ष एवं प्रभारी बनाया। आपकी न्युक्ति पर सभी पदाधिकारीगण, सदस्यों ने आपको हार्दिक शुभकामनाएं बधाई दीं। शीघ्र ही भिंड में आपका विशेष शपथ ग्रहण समारोह कराया जाएगा। 16 अप्रैल को शारदा होटल नई सड़क लश्कर ग्वालियर में आपको संस्था के संस्थापक सतीश जायसवाल ने नियुक्ति पत्र दिया और कोषाध्यक्ष राकेश शिवहरे द्वारा सहस्त्रबाहु भगवान का लॉकेट और बेज उपाध्यक्ष योगेश शिवहरे, अंग वस्त्र पट्टा महामंत्री देशराज महाजन, मोमेंटो महेश जायसवाल ने प्रदान किया। सभी ने हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दीं। उसके बाद स्वल्पाहार किया। उसकी व्यवस्था शारदा होटल संचालक अंकित शिवहरे द्वारा दी गई। जल्द ही शानदार शपथ ग्रहण समारोह भिंड में आयोजित किया जाएगा। पुनः बधाई शुभकामनाएं
यह जानकारी संस्थापक सतीश जायसवाल, अध्यक्ष भजन लाल राय, महामंत्री देशराज महाजन, कोषाध्यक्ष राकेश शिवहरे एवं समस्त पधाधिकारी युवा अध्यक्ष राजेश जायसवाल, कलचुरी महासंघ ग्वालियर ने दी।

# डॉ. भार्गव राष्ट्रीय उत्कृष्टता सम्मान से अलंकृत



**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**नई दिल्ली।** डॉ. अशोक कुमार भार्गव, आई.ए.एस. मोटिवेशनल स्पीकर, इंदौर, मध्यप्रदेश को नई दिल्ली में हयात होटल के भव्य समारोह में राष्ट्रीय उत्कृष्टता अवार्ड से सम्मानित किया गया। डॉ. भार्गव को यह प्रतिष्ठित सम्मान मुख्य अतिथि श्री मदनलाल, (1983 क्रिकेट विश्व कप विजेता टीम के भारतीय क्रिकेटर) एवं कैमरून गणराज्य की उच्चायुक्त सुश्री सिलवी मिशेल मपोन टिएक मांबो द्वारा प्रदत्त किया गया। डॉ.भार्गव को यह अवार्ड उनके द्वारा सार्वजनिक स्वास्थ्य, चिकित्सा, कोविद नियंत्रण, महिला सशक्तिकरण, सर्वोत्तम निर्वाचन प्रक्रिया, शिक्षा में गुणात्मक सुधार, उत्तरदायी और संवेदनशील सुशासन, स्वतंत्र लेखन एवं राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय मंचों पर राष्ट्रभाषा हिंदी तथा नागरी लिपि के विकास आदि के क्षेत्र में स्थापित किए गए उल्लेखनीय कीर्तिमानों के लिए प्रदत्त किया गया है।

# सान्दीपनि विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

## 10वीं-12वीं में उत्कृष्ट परिणाम, राज्य स्तर पर बढ़ाया मान प्राचार्य ने छात्रों को किया सम्मानित, उज्ज्वल भविष्य की कामना

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना/अम्बाह।** सान्दीपनि विद्यालय अंबाह में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्राचार्य रामवीर शर्मा द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला।




विद्यालय के विद्यार्थियों ने इस वर्ष अपनी मेहनत और लगन से न केवल विद्यालय बल्कि जिले का भी नाम रोशन किया है। कक्षा 12वीं के छात्र अकुल सिंह तोमर ने राज्य स्तरीय प्रवीण्य सूची में 9वां स्थान तथा ध्रुव शर्मा ने 10वां स्थान प्राप्त कर शानदार उपलब्धि हासिल की। इसके अलावा अमित सिंह तोमर ने 95.6%, कु. तनुष्का तोमर ने 94% एवं कु. कृतिका शर्मा ने 93.8% अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इसी प्रकार कक्षा 10वीं में कु. दिव्यांशी शर्मा ने 97.8%, कु. आयुषी तोमर ने 97.6% तथा कु. हेमलता राठौर ने 97.4% अंक प्राप्त कर जिले में विद्यालय को एक महत्वपूर्ण स्थान दिलाया।
विद्यालय का समग्र परीक्षा परिणाम भी उत्कृष्ट रहा। कक्षा 10वीं में 93% विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए, वहीं कक्षा 12वीं में 95% विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की।
इस अवसर पर प्राचार्य रामवीर शर्मा ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनके परिश्रम, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को आगे भी इसी तरह मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।
परीक्षा प्रभारी शिव सिंह तोमर एवं विद्यालयीन स्टाफ ने भी सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह के अंत में सभी मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर हुए अनेक कार्यक्रम

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना/पोरसा।** सखवार धर्मशाला बरगद चौराहा पोरसा में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती मनाई गई तथा बड़ी संख्या में कांग्रेसीजन उपस्थित हुए तथा बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर संविधान रचयिता को याद किया गया। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं के द्वारा बाबा साहब के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए अपने उद्बोधन दिए। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुखजनों में मोहन सिंह तोमर, डबले श्रीवास, मुन्नालाल हिंडोलिया, सतवीर सैनी, राकेश ओझा, वीरेंद्र ओझा, महाराज सिंह, हरीश, भागीरथ सिंह छोटे सिंह का पुरा, नेम सिंह कनेरिया, रीमा, संजू, शिवाजी यादव, कुलदीप जाटव, रोहन जाटव, अमन जाटव, नाहर सिंह दिलबर का पुरा, रामनरेश, अतर सिंह पढ़ाई का पुरा, रामेश्वर दयाल उप प्राचार्य आजमगढ़ उपस्थित थे।

# जौरा में जनगणना का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ



**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना/जौरा।** शासन आदेश पालन में जोरा ग्रामीण क्षेत्र का जनगणना का प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ 17 अप्रैल को तहसीलदार बालकृष्ण मिश्रा एवं मास्टर ट्रेनरों की मौजूदगी में सांदीपनि विद्यालय में जौरा ग्रामीण क्षेत्र की जनगणना का श्रीगणेश किया गया। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनों द्वारा जनगणना प्रशिक्षण में उपस्थित कर्मचारियों को बताया कि जनगणना डिजिटल और आधुनिक तकनीक के साथ हो रही है। इस कार्य में लगे सभी कर्मचारियों को घर-घर जाकर जनगणना का कार्य करना है। जनगणना कार्य के दौरान प्रत्येक घर के प्रत्येक सदस्य की जानकारी सही और सटीक एकत्रित करना है। घर में कितने सदस्य हैं? वर्तमान में कितने रहते हैं? क्या कोई सदस्य बाहर भी रहता है? इन सभी चीजों का ध्यान रखकर बारीकी के साथ जानकारी एकत्रित करना है। इसी अवसर पर तहसीलदार बालकृष्ण मिश्रा का कहना था कि इस जनगणना कार्य में मकान सूचीकरण भी होगा। इस जनगणना अगली पीढ़ी के भविष्य के लिए भी फायदेमंद रहेगी। जनगणना की सही और सटीक जानकारी एकत्रित करना कार्य में लगी सभी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है। इस तीन दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण में 350 कर्मचारी भाग ले रहे हैं, जिनके 7 बैच बनाए गए हैं जिसमें सुपरवाइजर, प्रगणक, शिक्षक, पटवारी, आरएस सहित अन्य कर्मचारी भी शामिल हैं। यह जनगणना का कार्य जिले के जनगणना प्रभारी डिप्टी कलेक्टर अरविंद माहोर की देखरेख में हो रहा है।

यहा है मास्टर ट्रेनर जनगणना प्रशिक्षण के प्रभारी राजेश शर्मा एवं श्याम पाल सिंह जादौन ने जानकारी देते हुए बताया कि तीन दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर वीरेंद्र पाल जादौन, मुकेश टैगोर, अवधेश शर्मा, मनोज रावत, सियाराम सिकरवार, अवनीश शर्मा, अरविंद शर्मा, राजीव कुमार, बनवारी लाल, भारत सिंह, सुनील सिंघल, विवेक राजपूत, राजेंद्र जैन, अनिल राठौड़ ट्रेनिंग दे रहे हैं।

# भीषण गर्मी से छात्र बेहाल, सुबह 8 बजे से लगें कक्षाएं : डॉ. सिकरवार

## गर्मी को देखते हुए छात्रहित में स्कूल समय परिवर्तन की मांग, सुबह की पाली लागू हो

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेसन्यूज-**

**मुरैना।** जिले में लगातार बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी ने आमजन के साथ-साथ स्कूली बच्चों की परेशानी भी बढ़ा दी है। तेज धूप और लू जैसे हालातों के बीच अब स्कूलों के समय परिवर्तन की मांग जोर पकड़ने लगी है। मप्र शिक्षक संघ के निवर्तमान संभागीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ शिक्षाविद डॉ. नरेश सिंह सिकरवार ने छात्रहित में जिला प्रशासन से स्कूलों का संचालन सुबह 8 बजे से करने की मांग की है।
डॉ. सिकरवार ने कहा कि 1 अप्रैल से नया शिक्षा सत्र प्रारंभ हो चुका है और प्रवेश प्रक्रिया भी जारी है, लेकिन लगातार बढ़ती गर्मी के कारण छात्रों और शिक्षकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती, पीने के ठंडे पानी की कमी तथा पंखे-कूलर जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव स्थिति को और गंभीर बना रहा है।
उन्होंने कहा कि दोपहर के समय स्कूल खुलने से छात्रों की उपस्थिति प्रभावित हो रही है। छोटे बच्चों, दूरदराज के विद्यार्थियों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पदस्थ शिक्षकों को तपती गर्मी में स्कूल पहुंचना मुश्किल हो रहा है। ऐसे हालात में बच्चों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ सकता है।



डॉ. सिकरवार ने कहा कि सुबह 10 बजे के बाद तेज गर्मी शुरू हो जाती है, जबकि दोपहर 1 बजे से 3 बजे के बीच तापमान चरम पर पहुंच जाता है। ऐसे समय में कक्षाएं संचालित करना न तो विद्यार्थियों के हित में है और न ही शिक्षकों के लिए व्यावहारिक। जिला प्रशासन से अनुरोध है कि तत्काल स्कूल समय में बदलाव कर सुबह की पाली लागू की जाए।
उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि छात्रहित को सर्वोपरि रखते हुए जल्द निर्णय लिया जाए, ताकि बच्चों को गर्मी से राहत मिल सके और पढ़ाई भी सुचारू रूप से जारी रह सके। विमलेश यादव, रघुराज परमार, रामवतार सिंह चंबल, डॉ. हरेन्द्र तोमर, सतंजय मिश्र, जगदीश शर्मा, धर्म सिंह, बिहारी सिंह, जगेंद्र जादौन, भोलाराम शर्मा, प्रदीप शर्मा, जगमोहन सेमिल ने स्कूल समय बदलने की मांग की है।

# नेशनल लोक अदालत हेतु बैंक अधिकारियों की बैठक आयोजित

**श्योपुर।** माननीय म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के दिशा-निर्देशानुसार 09 मई 2026 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन हेतु माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री कपिल मेहता के मार्गदर्शन में बैंक के अधिकारीगण व संबंधित अधिवक्तागण के साथ बैठक का आयोजन जिला न्यायालय परिसर स्थित एडीआर भवन में किया गया।

उक्त बैठक में उपस्थित बैंक के अधिकारीगण व संबंधित अधिवक्तागण को नेशनल लोक अदालत में बैंक के द्वारा प्रदाय छूट के संबंध में आमजन को जागरूक किये जाने एवं उक्त नेशनल लोक अदालत के सफल कियान्वयन हेतु अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश एवं प्रभारी अधिकारी नेशनल लोक अदालत, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मौजूद रहे।

# अटल बिहारी वाजपेई पार्क में चला स्वच्छता अभियान

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना/अम्बाह।** नगर पालिका द्वारा संचालित स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई श्री जयेश्वर महादेव पार्क में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा की विधिवत साफ-सफाई की गई और उन्हें भव्य माला पहनाकर श्रद्धापूर्वक माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की सहभागिता रही।
इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जिनेश जैन ने अटल बिहारी वाजपेई के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए कहा कि उन्होंने देश की एकता, अखंडता और विकास के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। वे एक कुशल राजनेता, ओजस्वी वक्ता और दूरदर्शी नेता थे, जिनकी नीतियों ने भारत को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता जैसे अभियान उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का कार्य करते हैं और समाज को सकारात्मक संदेश देते हैं।
स्वच्छता अभियान के दौरान पार्क परिसर में व्यापक स्तर पर सफाई कार्य किया गया। नगर पालिका के कर्मचारियों के साथ-साथ स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। पार्क में फैले कचरे को एकत्रित कर निस्तारित किया गया, घास की कटाई-छंटाई की गई और परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का प्रयास किया गया। इसके साथ ही पार्क में आने वाले लोगों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया।
कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करे। यदि सभी लोग मिलकर इस दिशा में प्रयास करें, तो शहर को साफ-सुथरा और सुंदर बनाया जा सकता है।
अंत में उपस्थित सभी लोगों ने स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया और यह आश्वासन दिया कि वे न केवल स्वयं स्वच्छता का पालन करेंगे, बल्कि दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर नगर पालिका कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने अभियान को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत बावडियों का निरीक्षण, संरक्षण के निर्देश

**श्योपुर।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा आज जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्राम रायपुरा एवं बर्धाबुजुर्ग की प्राचीन बावडियों का अवलोकन किया गया तथा एतिहासिक महत्व की इन बावडियों सहित जिले की अन्य बावडियों के संरक्षण के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, परियोजना अधिकारी मनरेगा श्री विक्रम जाट सहित संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, उपयंत्री आदि मौजूद रहें।

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने बावडियों के अवलोकन के दौरान कहा कि प्राचीन जल संरचनाओं का संरक्षण अभियान के तहत किया जाये और बावडियों की साफ-सफाई कर उन्हें आकर्षक और उपयोगी बनाने का कार्य मनरेगा योजना के तहत किया जायें। उन्होंने निर्देश दिये कि बावडियों पर साफ-सफाई के साथ ही बावडी की एतिहासिक पृष्ठभूमि से संबंधित जानकारी के बोर्ड लगाये जायें, जिससे आमजन को इन बावडियों की प्राचीनता और एतिहासिक स्थिति के बारे में जानकारी उपलब्ध हो।

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने रायपुरा स्थित बावडी का अवलोकन करते हुए निर्देश दिये कि बावडी की साफ-सफाई सतत् रूप से जारी रहें तथा लोगों को जल संरचनाओं को स्वच्छ रखने के लिए पंचायत के माध्यम से प्रेरित करने का कार्य किया जायें।

# ग्वालियर में गर्मी ने फिर तोड़ा रिकार्ड, इस साल पहली बार अधिकतम तापमान पहुंचा 41 डिग्री पार

## 19 अप्रैल को हीट वेव चलने की संभावना

**ग्वालियर।** ग्वालियर में अब गर्मी हर रोज नया रिकार्ड बना रही है। बढ़ते तापमान एवं भीषण गर्मी के कारण लोगों की दिनचर्या पर असर दिखने लगा है। यही वजह है कि ग्वालियर कलेक्टर श्रीमती रूचिका चौहान ने स्कूली बच्चों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों का गर्मियों को देखते हुये एक बार फिर समय में परिवर्तन किया है। शुक्रवार को बीते दिन की अपेक्षा अधिकतम तापमान 0.8 अंक बढ़कर इस सीजन में पहली बार दिन का तापमान 41.3 डिग्री सेल्सियस आंका गया। यह सामान्य से 2.3 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज हुआ। इसके चलते दिन के तापमान ने इस साल 2026 में अब तक का रिकार्ड तोड़ दिया है। दोपहर के 4 घंटे असहनीय धूप रही है। इस दौरान गर्म हवाओं के चलने का अहसास हुआ और इसका असर बाजार एवं सड़कों पर भी दिखाई दिया।



मौसम को लेकर भोपाल मौसम वैज्ञानिको का कहना है कि अब दिन के साथ साथ रात की गर्मी भी बढ़ेगी। हालांकि ग्वालियर के उपर से पश्चिमी विक्षोभ गुजर रहा है जिसके चलते हल्के बादल बने हुये है, लेकिन असर खत्म होते ही ग्वालियर में तापमान और बढ़ेगा। साथ ही राजस्थान से आ रही गर्म हवाओं से लू चलने की संभावना बन रही है। ऐसे में लू से बचकर रहें। मौसम विभाग के अलर्ट को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने भी लू से बचने की एडवाइजरी जारी की है। सीएमएचओ डा. सचिन श्रीवास्तव ने आगामी भीषण गर्मी के दिनों में दोपहर के चार घंटे तक बाहर खुले में निकलने से बचने की सलाह दी है। आठ दिन में लगभग 10.5 अंक तापमान बढ़ गया है और बीते दिन गुरूवार को अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था। यह सामान्य से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज हुआ था। जबकि शुक्रवार को 0.8 अंक बढ़कर अधिकतम तापमान 41.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। यह सामान्य से 2.3 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज हुआ। इसी तरह बीते दिन गुरूवार को न्यूनतम तापमान 21.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था। यह सामान्य से 1.0 डिग्री सेल्सियस मायनस में दर्ज हुआ था। जबकि शुक्रवार को 2.3 अंक बढ़कर न्यूनतम तापमान 23.8 डिग्री सेल्सियस आंका गया। यह सामान्य से 1.3 अंक बढ़कर दर्ज हुआ। यहां बता दें कि अप्रैल माह में न्यूनतम तापमान पांच अप्रैल से सामान्य से नीचे आंका जा रहा था। जबकि रात का पारा भी सामान्य से ऊपर पहुंच गया है। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो अब दिन के साथ साथ रात की गर्मी भी असहनीय होने की संभावना है।

### और बढ़ेगा तापमान, गर्मी का असर होगा तेज, लू भी चलेगी

भोपाल मौसम वैज्ञानिक डी अरूण शर्मा ने बताया कि अभी फिलहाल आसमान साफहै लेकिन तापमान धीरे धीरे ऊपर छलांग लगायेगा। जिससे गर्मी और भीषण होती जायेगी। 19 अप्रैल से अंचल में लू चलने की संभावना है।

### स्कूलों के समय में परिवर्तन

कलेक्टर रुचिका चौहान के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी हरिओम चतुर्वेदी ने आदेश जारी किया है कि जिले में संचालित एमपी बोर्ड, सीबीएसई, आईसीएसई एवं शासन द्वारा मान्यता प्राप्त सभी विद्यालयों में प्री-प्राइमरी कक्षाएँ विद्यालय अपनी सुविधा अनुसार अधिकतम दोपहर 12 बजे तक लगा सकेंगे। इसी प्रकार कक्षा 1 से 12वीं तक की कक्षाएँ प्रातः 7.30 बजे से अधिकतम दोपहर 12 बजे तक ही संचालित की जा सकेंगी। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि शासन द्वारा पूर्व से निर्धारित परीक्षाएँ एवं अन्य आवश्यक कार्यक्रम पूर्व निर्धारित समय-सारणी के अनुसार यथावत संचालित होते रहेंगे।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सीबीएसई 10वीं के छात्रों को पीडब्ल्यू ने सम्मानित किया

### छात्रों की मेहनत सराहनीय, आगे भी यह प्रयास जारी रखेः पाण्डेय

**ग्वालियर।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई ने भी हाल ही में वार्षिक परिणाम जारी किया है। जिसमे कई विद्यार्थियों ने 500 में से 500 अंक लाकर इतिहास रच दिया है।

फिजिक्स वाला पीडब्ल्यू के भी कई विद्यार्थियों ने शत प्रतिशत अंक हासिल कर देश में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि को लेकर छात्रों का सम्मान किया गया। उनका मनोबल बढ़ाने के लिये पटेल नगर स्थित फिजिक्स वाला के तकनीक सक्षम आफ्लाइन केन्द्र में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शहर के उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। जिन्होंने सीबीएसई कक्षा 10वीं में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। पीडब्ल्यू के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अलख पाण्डेय ने कहा कि सभी विद्यार्थियों की मेहनत सराहनीय है। विशेष रूप से उन विद्यार्थियों को बधाई जिन्होंने पूर्ण अंक हासिल किये। यह परिणाम निरंतर प्रयास और सही शैक्षणिक सहयोग प्रणाली को दर्शाते है। यह प्रयास इसी तरह आगे भी जारी रहे।




उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले छात्रों ने अपनी इस सफलता का रहस्य बताते हुये कहा कि नियमित तैयारी, सतत अभ्यास और स्कूल तथा पीडब्ल्यू शिक्षकों का मर्गादर्शन ही कामयाबी के अचूक मंत्र है। इन्हीं मंत्र व सूत्रों को अपनाकर 100 प्रतिशत अंक लाना सहज हो गया। वैभव अरोड़ा, अमोलिक पंडिता और आयुष्मान महापात्रा ने कहा कि मोक टेस्ट हल करने से विषय में अच्छी पकड़ बनी वही अंदर का भय निकल गया। नियमित रिवीजन भी जारी रखा। आखिर 100 में सौ नंबर लाने में शिक्षकों का मार्गदर्शन बहुत काम आया।

# खुले चेंबर में गिरने से मजदूर युवक की मौत





**ग्वालियर।** शहर में खुले पड़े सीवर चेंबर एक युवक की मौत का कारण बन गया। खुले पड़े सीवर चेंबर में गिरने से युवक की मौत हो गई। घटना गणेश कॉलोनी ओफे की बगिया की है। शुक्रवार की शाम स्थानीय लोगों ने युवक को चेंबर से बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अपनी मां से खाना बनाने की कहकर निकला था और उसके बाद वापस नहीं लौटा। हादसे का पता चलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गणेश कालोनी में रहने वाले सौरभ बाथम की सीवर के चेंबर में गिरने से मौत हो गई। सौरभ के बारे में बताया गया है कि वह मजदूरी करता था और शराब पीने का आदी था। शुक्रवार को नशे की हालत में होने के कारण वह एक खुले चेंबर में गिर गया। लेकिन किसी का ध्यान उस पर नहीं गया। शुक्रवार को स्थानीय लोगों ने जब सौरभ को चेंबर में पड़ा देखा तो उसे बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिये भिजवाकर जांच शुरू की तो मृतक के पड़ोसी विक्रम पाल ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि चेंबर में कोई गिर गया है और जब हमने चेंबर में जाकर देखा तो सौरभ चेंबर में पड़ा हुआ था। चेंबर में इतनी गैस बन रही थी कि सौरभ को निकालने के लिए गए तीन लड़के भी उसे नहीं निकाल पाए। जैसे तैसे करके पैर बांधकर उसे बाहर निकाला और अस्पताल भिजवाया। वहीं मृतक के रिश्तेदार सोनू ने बताया कि उन्हें फोन आया था की सौरभ चेंबर में गिर गया है। मैं कोलायत में रहता हूं तो पहुंचा तब तक सौरभ की मौत हो चुकी है। वह अपनी मां से कहकर निकला था कि तुम रायता बना लो, मैं लौट कर खाना खाऊंगा। इस मामले में थाना प्रभारी शक्ति सिंह ने बताया कि हमें सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति सीवर के चेंबर में गिर गया है मौके पर पहुंचकर युवक को बाहर निकलवाया जिसकी पहचान सौरभ बाथम के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह सुबह से ही अपने किसी रिश्तेदार के साथ शराब पी रहा था। आसपास के सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं, ताकि पता चल सके कि आखिर वह चेंबर में कैसे गिरा?

# अग्रवाल युवक युवती परिचय सम्मेलन 21 एवं 22 मई को

**ग्वालियर।** अखिल भारतीय अग्रवाल परिचय सम्मेलन द्वारा युवक युवती परिचय सम्मेलन का इस बार का दो दिवसीय आयोजन 21 एवं 22 मई को ग्वालियर के तोरण वाटिका में किया गया है। यह 137वां आयोजन होगा। सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश ऐरन ने बताया कि देश के 136 शहरों में युवक युवती परिचय सम्मेलन के माध्यम से सैंकड़ों रिश्ते अभी तक संस्था के द्वारा कराये जा चुके हैं। संस्था के द्वारा भोपाल, होशंगाबाद, शिवपुरी, मुरैना, झांसी, आगरा, मथुरा, हरिद्वार, वाराणसी, धौलपुर, जयपुर, करौली, हिसार, करनाल आदि शहरों में वहां पहुंचकर समाजसेवा का कार्य किया है। अब ग्वालियर में होने वाले परिचय सम्मेलन की तैयारियां शुरू कर दी गई है। अभी तक 200 युवक युवतियों का पंजीयन उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली के अग्रबंधुओं ने अपने विवाह योग्य बच्चों का करा दिया है। परिचय सम्मेलन की पूरी टीम नीलम शाह, विनीता तायल, बबीता अग्रवाल, ललिता बंसल, पूनम अग्रवाल, ज्योति



अग्रवाल, मीना अग्रवाल, साधना गोयल, प्रीति बिंदल, कविता मंगल, रेनू मंगल, शशि गर्ग, पदमा अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, पूर्णिमा अग्रवाल, सुधा अग्रवाल, हर्षनी जैन, मीना अग्रवाल, साधना अग्रवाल, मुकेश सिंघल, अनिल गर्ग, महेंद्र अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल सहित सभी का सहयोग रहा हैं। 25 अप्रैल को ग्वालियर में बायोडाटा पंजीयन की शुरुआत दोपहर 3 बजे सीटी प्लाजा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में होगी।

### अग्र मिलन ग्रेटर की 576वीं साप्ताहिक सभा रविवार को

**ग्वालियर।** अग्र मिलन ग्रेटर की 576वीं साप्ताहिक सभा एवं मिनी परिचय सम्मेलन रविवार 19 अप्रैल को प्रातः 8.30 से 10 बजे तक हरिओम अग्रवाल एडवोकेट के किला गेट चौराहा स्थित निवास पर रखी गई है। डॉ रामबाबू गोयल ने बैठक में अग्रबंधुओं से उनके एवं रिश्तेदारों के विवाह योग्य बच्चे बच्चियों के बायोडाटा लाकर वाचन करने की अपील की हैं।

### दूसरी महिला से बात करने से रोका तो पत्नी को कूटा

**ग्वालियर।** दूसरी महिला से बात करते पत्नी ने पकड़ा तो पति ने पत्नी की मारपीट कर दी। घटना पुरानी छावनी थाना क्षेत्र के जमाहर गांव की है। मारपीट के बाद पति जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। घटना का शिकार पीडिता थाने पहुंची और शिकायत की। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

पुरानी छावनी थाना क्षेत्र के जमाहर निवासी 25 वर्षीय आरती कुशवाह पत्नी प्रदीप कुशवाह गृहिणी है। बीते रोज वह घायल हालत में थाने पहुंची और शिकायत की है कि उसका पति पिछले एक साल से लक्ष्मी रजकवार नामक महिला के साथ रह रहा है। बीते रोज वह महिला से बातचीत कर रहा था, जब उसने इसका विरोध किया तो पति ने उसकी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दे दी। पुलिस ने उसकी शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# हथियार वाली रील पर एसएसपी धर्मवीर सिंह का सख्त एक्शन

## रील बनाने वाले जा रहे जेल, लाइसेंस भी हो रहे निरस्त

(जितेंद्र पाठक)

**ग्वालियर।** शहर में सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन करना अब युवकों को भारी पड़ रहा है। फेक टशन दिखाने वाले युवाओं के खिलाफ ग्वालियर पुलिस ने अब मोर्चा खोल दिया है। एसएसपी धर्मवीर सिंह के सख्त तेवरों ने उन रीलबाजों की नींद उड़ा दी है, जो केवल लाइक्स और व्यूज के चक्कर में हथियारों के साथ वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डालकर शहर की शांति भंग करने की कोशिश कर रहे हैं। एसएसपी के निर्देश पर जिले के सभी थाना प्रभारियों को स्पष्ट आदेश दिए गए हैं कि सोशल मीडिया पर हथियारों के प्रदर्शन वाली हर छोटी-बड़ी गतिविधि पर पैनी नजर रखी जाए।




पिछले कुछ दिनों में ग्वालियर के युवाओं के बीच हथियारों के साथ रील बनाकर खुद को एग्रेसिव और टफ दिखाने का एक खतरनाक ट्रेंड शुरू हुआ है। कई युवा न केवल वैध-अवैध हथियारों के साथ वीडियो बना रहे हैं, बल्कि कुछ वीडियो में तो युवकों द्वारा सरेआम फायरिंग करते हुए कानून को चुनौती दी जा रही है। इसे गंभीरता से लेते हुए, ग्वालियर एसएसपी धर्मवीर सिंह ने जिले में सोशल मीडिया मॉनिटरिंग को और अधिक सक्रिय कर दिया है। अब पुलिस की साइबर सेल और स्थानीय थानों की टीमें इंस्टाग्राम और फेसबुक पर ऐसी रीलों को बारीकी से ट्रैक कर रही हैं। पुलिस का कहना है कि सोशल मीडिया मनोरंजन का साधन है, खौफपैदा करने का नहीं।

एसएसपी धर्मवीर सिंह ने इस कार्रवाई को और अधिक सख्त बनाते हुए एक बड़ा फैसला लिया है। अब यदि कोई युवा अपने पिता, रिश्तेदार या किसी परिचित के लाइसेंसी हथियार के साथ रील बनाता पाया जाता है, तो पुलिस न केवल उस युवक पर केस दर्ज करेगी, बल्कि उस हथियार के लाइसेंस को स्थायी रूप से निरस्त करने की प्रक्रिया भी शुरू करेगी। पुलिस का मानना है कि हथियार की सुरक्षा और उसका सही उपयोग लाइसेंसधारी की जिम्मेदारी है।

पुलिस प्रशासन ने जिले के युवाओं और उनके अभिभावकों से कहा है कि वे सोशल मीडिया के इस भटकाव से बचें। एक छोटी सी रील न केवल आपके बच्चों को अपराधी बना सकती है, बल्कि भविष्य के सरकारी नौकरी और पासपोर्ट जैसे महत्वपूर्ण अवसरों को भी हमेशा के लिए खत्म कर सकती है। ग्वालियर पुलिस की यह सख्त मॉनिटरिंग आने वाले दिनों में उन सभी लोगों के लिए सबक बनेगी जो कानून को खिलौना समझते हैं।

### इनका कहना है

'ग्वालियर में हथियारों का प्रदर्शन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सोशल मीडिया पर रील बनाकर अपनी धाक जमाने की कोशिश करने वाले युवाओं पर हम कड़ी वैधानिक कार्रवाई कर रहे हैं। सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि ऐसी रीलों में दिखने वाले व्यक्तियों की पहचान कर तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित करें। साथ ही, जिन लाइसेंसी हथियारों का उपयोग इन वीडियो में हो रहा है, उनके मालिकों के लाइसेंस निलंबित और निरस्त करने की कार्रवाई भी लगातार जारी है। हमारा उद्देश्य शहर में भयमुक्त वातावरण बनाए रखना है।'

**धर्मवीर सिंह, एसएसपी**

# सरकारी नौकरी का झांसा देकर दोस्त ने किया दुष्कर्म

**ग्वालियर।** दोस्त ने सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर महिला मित्र को झांसे में लिया और उसके साथ गलत काम करने लगा। आरोपी नौकरी लगवाने के नाम पर महिला का शोषण करने लगा। महिला ने जब विरोध किया तो आरोपी ने उसकी मारपीट कर दी। शोषण और मारपीट की शिकार पीडिता थाने पहुंची और मामला दर्ज कराया है। घटना हजीरा थाना क्षेत्र के पीएचई कॉलोनी की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। हजीरा थााना क्षेत्र के पीएचई कॉलोनी निवासी 25 वर्षीय महिला की एक साल पहले मुलाकात शादी समारोह में लूटपुरा निवासी करण धाकड़ से हुई। हमउम्र होने और एक ही समाज के होने के कारण उनके बीच दोस्ती हो गई और बातचीत होने लगी। इसी बीच आरोपी ने उसे बताया कि उसके लिंक हैं और वह उसकी सरकारी नौकरी लगवा देगा। पीडिता उसकी बातों में आ गई। एक दिन करण उसके किराए के कमरे पर आया तो वह अकेली थी और अकेला देखकर आरोपी ने नौकरी लगवाने के नाम पर उसके साथ गलत काम किया। इसके बाद वह उसका शोषण करने लगा। महिला जब भी वह नौकरी की बात करती तो आरोपी उसे टहला देता। करण से दोस्ती होने के कारण वह साथ-साथ घूमते थे। एक दिन करण के भाई सन्नी ने उन्हें साथ घूमते देखा तो वह उसके कमरे पर आया और उससे भाई के साथ घूमने से मना किया, साथ ही धमकी दी कि अगर वह उसके भाई से दूर नहीं हुई तो वह उसे जान से मार देगा। धमकी से घबराई पीडिता थाने पहुंची और मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने उसकी शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस आरोपी के घर पर पहुंची तो आरोपी अपने घर से फरार मिला है। पुलिस आरोपी की तलाश में उसके संभावित स्थानों पर दबिश दे रही है।

# बिना ई-टोकन के खाद बेचने वाली 3 फर्मों को नोटिस

**ग्वालियर।** शासन के निर्देशानुसार किसानों को ई-टोकन के माध्यम से खाद का वितरण किया जाना है। इसके लिए सभी उर्वरक विक्रेताओं को पूर्व में निर्देशित किया चुका है, लेकिन इसके बाद भी कुछ उर्वरक विक्रेता बिना ई-टोकन के खाद बेच रहे हैं। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर बिना ई-टोकन खाद बेचने वाली 3 समितियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देशानुसार उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास आर.बी.एस. जाटव के नेतृत्व में कृषि विभाग की टीमों द्वारा लगातार उर्वरक विक्रेताओं के यहां पर पहुंचकर निरीक्षण किया जा रहा है। कृषि विभाग की टीम ने प्रबंधक विपणन सहकारी समिति मुरार वि.ख. मुरार, समिति प्रबंधक प्राथमिक कृषि शाख सहकारी समिति मस्तूरा वि.ख. भितरवार एवं समिति प्रबंधक प्राथमिक कृषि शाख सहकारी समिति करई वि.ख. भितरवार की जांच की। जांच में पाया कि बिना ई-टोकन के समितियों ने किसानों को खाद का विक्रय किया है। इसके चलते तीनों समितियों को निर्देशानुसार उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास श्री आर.बी.एस. जाटव ने कारण बताओं नोटिस जारी किया है। बिना ई-टोकन के खाद बेचने वाली समितियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके चलते पूर्व में 12 विक्रेताओं को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था, जिसमें से 3 विक्रेताओ के उर्वरक लाइसेंस निलंबित किये गये है।

### कमरे में मिला युवक का दो दिन पुराना शव

**ग्वालियर।** एक युवक का दो दिन पुराना शव कमरे में मिला है। दो दिन पुराना शव होने के कारण उसमें कीड़े कुलबुलाने लगे हैं। घटना झांसी रोड थाना क्षेत्र के ओफे की बगिया नाका चंद्रबदनी की है। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एफएसएल टीम को भी जांच के लिए बुलाया है। पुलिस ने शव को निगरानी में लेकर पीएम हाउस पहुंचा दिया है। फिलहाल पता नहीं चला है कि उसकी मौत किन कारणों से हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। झांसी रोड थाना पुलिस को गुरुवार की दोपहर आजाद खान ने सूचना दी थी कि उसके घर के पास रामबाबू नामक युवक का टीन शेड है और उसमें से बदबू आ रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की तो अंदर एक युवक की लाश पड़ी थी। लाश दो-तीन दिन पुरानी होने के कारण काफी खराब हालत में थी और उसमें कीड़े पड़ गए थे।

### जवान के मौसा की जेब काट ले गए जेबकट

अंबाह तिराहा निवासी जितेन्द्र शर्मा पुलिस जवान है और अभी पुलिस लाइन में पदस्थ है। बीती 3 अप्रैल को जितेन्द्र के मौसा अशोक शर्मा अंबाह से ग्वालियर प्रेम मोटर्स पर सुधरवाने को दी हुई कार को लेने के लिए आए थे। बस स्टैण्ड से ई रिक्शा में सवार हुए। जिसमें दो युवक पहले से बैठे हुए थे, वह उनके सामने की सीट पर बैठ गए। तभी एक युवक उनके बगल में आकर बैठ गया। ई रिक्शा पड़ाव पुल पर पहुंचा तो उनके बगल में बैठा युवक उतरा और बाइक सवार साथी के साथ बैठकर चला गया। इससे उन्हें शंका हुई और जेब देखी तो पता चला कि जेब में रखे तीस हजार रुपए युवक जेबकाट कर ले गया है। मामले का पता चलते ही वह थाने पहुंचे और मामले की शिकायत की। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।


मध्यप्रदेश शासन
नगर पालिक निगम, ग्वालियर

क्रमांक 1153 ज.प्र./न.पा.नि./2026 ग्वालियर, दिनांक 17/04/2026

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्र./जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_475143_2 | मोतीझील ओल्ड एवं न्यू 68+68 एमएलडी जल शोधन संयंत्र स्थापित करने का कार्य। | 23,80,000/- | 5000/- 17,850/- | 04.05.2026 |
| 2 | 2026_UAD_476415_2 | वार्ड क्रमांक 20 में नवीन नलकूप खनन कराने का कार्य। | 7,11,824/- | 2000/- 5,339/- | 04.05.2026 |
| 3 | 2026_UAD_500880_2 | आम खो स्थित बूस्टर पम्प का लेवल डाउन करने एवं मोटर पम्प शिफ्ट का कार्य। | 11,82,500/- | 2000/- 8,869/- | 18.05.2026 |
| 4 | 2026_UAD_500904_2 | नगर निगम के अंतर्गत विभिन्न तरण तालों के संचालन एवं रख रखाव का वार्षिक संधारण कार्य। | 12,45,192/- | 2000/- 9,339/- | 18.05.2026 |

नोटः- निविदा संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

R.O. क्र. 249 दि. 17/04/26

कार्यपालन यंत्री
जल प्रदाय विभाग
नगर निगम, ग्वालियर


# जियो फाइबर के नाम पर सेवानिवृत्त शिक्षक के साथ ठगी

### ठगों ने 2.45 लाख रुपए की लगाई चपत

**ग्वालियर।** गूगल से हेल्पलाइन नंबर तलाशना एक सेवानिवृत्त शिक्षक को भारी पड़ गया और ठगों ने उनके खाते से 2 लाख 45 हजार 500 रुपए पार कर दिए। घटना महाराजपुरा थाना क्षेत्र के शताब्दीपुरम फेस दो की है। सेवानिवृत्त शिक्षक जियो फाइबर की तकनीकी सहायता के लिए नंबर तलाश रहे थे। ठगी का पता उस समय चला जब उनके मोबाइल पर रुपए निकाले जाने के मैसेज आए, तब उन्होंने पुलिस की हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत की। शिकायत पर महाराजपुरा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

महाराजपुरा थाना क्षेत्र के शताब्दीपुरम फेस-02 निवासी दिनेश कुमार हरदैनिया पुत्र रतिराम हरदैनिया सेवानिवृत्त शिक्षक हैं। बीती 6 सितंबर 2025 को उनके घर का जियो फाइबर टीवी काम नहीं कर रहा था। समस्या के समाधान के लिए उन्होंने गूगल पर हेल्पलाइन नंबर सर्च किया और मिले मोबाइल नंबर पर कॉल किया। कॉल रिसीव करने वाले व्यक्ति ने खुद को जियो फाइबर कर्मचारी बताते हुए मोबाइल में कुछ निर्देश दिए। पीडित ने बताया कि गूगल से मिले नंबर पर बात करने और उसके बताए निर्देश का पालन करने पर टीवी तो चालू हो गया, लेकिन अगले दिन उनके मोबाइल पर बैंक खाते से रूपये कटने के मैसेज आने लगे। जब उन्होंने बैंक ऑफ इंडिया, माल रोड शाखा में जाकर जानकारी ली, तो पता चला कि उनके खाते से अलग-अलग यूपीआई ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 2.45 लाख रुपए निकाल लिए गए हैं। ठगी का पता चलते ही पीडित ने तुरंत ही बैंक में खाता ब्लॉक कराया और पुलिस की हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत की। शिकायत पर जीरो पर मामला दर्ज कर केस डायरी महाराजपुरा थाना भेज दी। जिस पर महाराजपुरा थाना पुलिस ने असल कायमी कर ली है। साइबर एक्सपर्ट हरेन्द्र सिंह राजपूत ने बताया कि गूगल पर मिले किसी भी अनजान हेल्पलाइन नंबर पर भरोसा न करें और किसी को भी मोबाइल एक्सेस या ओटीपी साझा न करें, अन्यथा साइबर ठगी का शिकार हो सकते हैं।

# संपादकीय

## कचरे से कमालः प्लास्टिक बनाएगा जल और मिट्टी को शुद्ध

**डॉ विजय गर्ग**

आज के समय में प्लास्टिक प्रदूषण विश्व की सबसे गंभीर समस्याओं में से एक बन चुका है। नदियाँ, झीलें, समुद्र और यहां तक कि जमीन भी प्लास्टिक कचरे से प्रभावित हो रही है। लेकिन विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में हो रहे नए शोध अब इस समस्या को समाधान में बदलने की दिशा में आशा की किरण दिखा रहे हैं।

हाल के वर्षों में वैज्ञानिकों ने ऐसी नई तकनीकों का विकास किया है, जिनकी मदद से प्लास्टिक कचरे को न केवल कम किया जा सकता है, बल्कि उसे उपयोगी संसाधन में भी बदला जा सकता है। यह तकनीकें दूषित जल और जमीन को साफ करने में भी सहायक बन रही हैं।

प्लास्टिक से समाधान की ओर प्लास्टिक को छोटे-छोटे कणों में तोड़कर माइक्रोप्लास्टिक या नैनोप्लास्टिक बनाया जा सकता है, जिनका उपयोग जल शोधन में किया जा रहा है। ये कण दूषित पानी में मौजूद हानिकारक धातुओं और रसायनों को अवशोषित कर लेते हैं, जिससे पानी शुद्ध हो जाता है। इस प्रक्रिया को 'एडसॉर्प्शन' तकनीक कहा जाता है।

दूषित जमीन का पुनर्जीवन प्लास्टिक आधारित कुछ विशेष सामग्री का उपयोग मिट्टी में मौजूद विषैले तत्वों को हटाने में किया जा रहा है। ये सामग्री मिट्टी की गुणवत्ता को सुधारने में मदद करती हैं और उसे दोबारा खेती योग्य बनाती हैं। इस प्रकार, जो प्लास्टिक पहले प्रदूषण का कारण था, वही अब भूमि सुधार का साधन बन रहा है।

पर्यावरण के लिए वरदान यह नई दिशा पर्यावरण संरक्षण के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इससे न केवल प्लास्टिक कचरे की मात्रा कम होगी, बल्कि जल और भूमि प्रदूषण भी नियंत्रित होगा। साथ ही, यह एक सर्कुलर इकोनॉमी (परिपत्र अर्थव्यवस्था) को बढ़ावा देती है, जिसमें अपशिष्ट को पुनः उपयोग में लाया जाता है।

चुनौतियाँ और भविष्य हालांकि ये तकनीकें अभी शुरुआती चरण में हैं और बड़े स्तर पर इन्हें लागू करने के लिए और शोध की आवश्यकता है। लागत, तकनीकी जटिलता और जागरूकता की कमी जैसी चुनौतियाँ भी सामने हैं। लेकिन यदि सरकार, वैज्ञानिक और समाज मिलकर प्रयास करें, तो यह समाधान व्यापक स्तर पर अपनाया जा सकता है।

निष्कर्ष प्लास्टिक, जो कभी केवल समस्या का प्रतीक था, अब समाधान का हिस्सा बनता नजर आ रहा है। यदि सही दिशा में प्रयास जारी रहे, तो आने वाले समय में प्लास्टिक न केवल प्रदूषण कम करेगा, बल्कि दूषित जल और जमीन को फिर से उपयोगी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

डॉ विजय गर्ग सेवानिवृत्त प्रिंसिपल मलोट पंजाब

# व्यवस्था का कड़वा सचः ईमानदार लोग ही क्यों पड़ जाते हैं अकेले

**एक कहावत है कि खोटे सिक्के खरे सिक्कों की आड़ में चल पाते हैं। यह तथ्य केवल बाजार या मुद्रा तक सीमित नहीं, यह तो जीवन के हर क्षेत्र में लागू होती है। वैसे सरकारी दफ्तरों का उदाहरण देखा जा सकता है, जहां असंख्य खरे सिक्के भी हैं, ईमानदार, कर्मठ, जिम्मेदार कर्मचारी, पर इनको अक्सर खोटे सिक्कों के साथ सहअस्तित्व बना कर चलना पड़ता ह**

हर सफल संस्था की रीढ़ ईमानदार और परिश्रमी लोगों से बनती है। किसी दफ्तर, विद्यालय या शासन व्यवस्था की गाड़ी उन गिने-चुने लोगों के श्रम, निष्ठा और जिम्मेदारी से चलती है, जो अपने कर्तव्य को धर्म समझते हैं। ऐसे लोग बिना किसी पुरस्कार या प्रशंसा की अपेक्षा के अपने हिस्से का काम पूर्ण मनोयोग से करते हैं। इन्हीं लोगों के परिश्रम के कारण ही कई खोटे सिक्के भी सहजता से चल जाते हैं। वे जानते हैं कि संस्था की साख इन ईमानदार लोगों से बनी है, इसलिए खोटे कर्मचारियों के दोष उसी उज्ज्वल साख की परछाई के पीछे छिप जाते हैं।




एक कहावत है कि खोटे सिक्के खरे सिक्कों की आड़ में चल पाते हैं। यह तथ्य केवल बाजार या मुद्रा तक सीमित नहीं, यह तो जीवन के हर क्षेत्र में लागू होती है। वैसे सरकारी दफ्तरों का उदाहरण देखा जा सकता है, जहां असंख्य खरे सिक्के भी हैं, ईमानदार, कर्मठ, जिम्मेदार कर्मचारी, पर इनको अक्सर खोटे सिक्कों के साथ सहअस्तित्व बना कर चलना पड़ता है। ये राष्ट्र की सेवा का भाव लेकर काम करते लोग, अपने काम को साधना समझते लोग, सुबह समय पर पहुंचते लोग, समय से फाइलें निपटाते लोग, घर लौटते समय यह संतोष रखते हैं कि आज का दिन निष्कलंक गया, फलदायी गया। मगर यथार्थ में ऐसे लोग ही धीरे-धीरे सबसे अधिक अकेले पड़ जाते हैं, क्योंकि वे व्यवस्था के 'गैरलिखित नियमों' को नहीं जानते। वह नियम, जो कहता है कि यहां काम से नहीं, जनसंपर्क से, कुशल व्यवहार से हर गति है।

धीरे-धीरे ये खरे सिक्के यह महसूस करते हैं कि उसकी चमक आसपास के लोगों की आंखों को चुभती है। उसके खिलाफ एक अनकही अस्वीकार्यता का वातावरण तैयार हो जाता है। नतीजतन, उसे अलग-थलग कर दिया जाता है। उसके उत्साह को 'दिखावा' उसके परिश्रम को बेमानी कहा जाता है। मनुष्य का मनोविज्ञान यही है, जिसके श्रम के कारण हमारी सुस्ती प्रकाश में आए, उसके श्रम को ही असहज बना दिया जाए। धीरे-धीरे वही होता है, जो नहीं होना चाहिए। औसतपन एक आदर्श बन जाता है और जिस आदर्श कार्यशैली से सबको प्रेरणा लेनी चाहिए थी, वह बुझती हुई खंभा-बत्ती बन कर रह जाती है। इस प्रवृत्ति की वजह से किसी भी संस्थान के संवेदनशील न होने का पता चलता है, एक विचित्र दांवपेच को बढ़ावा मिलता है, योग्य और सक्षम लोगों को दरकिनार होना पड़ता है, लेकिन इसका खमियाजा समूचे संस्थान को उठाना पड़ता है। इसके बावजूद समाज को इस प्रकृति से बहुत ज्यादा गुरेज नहीं होता।

सरकारी तंत्र में तो यह प्रवृत्ति और गहरी है। वहां समय के साथ 'खोटे सिक्के' एक-दूसरे के लिए कवच बन जाते हैं। वे एक-दूसरे की गलतियां ढकते हैं, एक-दूसरे की उपस्थिति को आवश्यक बनाते हैं। जबकि जो 'खरे' हैं, वे अपने ही ईमान की सजा भुगतते हैं। कोई भी उन्हें खुलकर बुरा नहीं कहता, बस उनके आसपास एक अजीब-सी चुप्पी बुन दी जाती है। यह एक प्रकार का मनोवैज्ञानिक बहिष्कार है, सूक्ष्म और घातक। इसके असर का अंदाजा लगाना क्या इतना मुश्किल है?मनुष्य का मन सदैव समूह की स्वीकृति चाहता है। इसलिए वह अपने अंतर्मन की सच्चाई के बजाय समूह के मानदंडों को सत्य मानने लगता है। जब औसतपन एक आदर्श बन जाता हो, तो अपनी क्षमता पर संदेह होना स्वाभाविक है। मनुष्य सबसे अधिक सहज तब होता है, जब उसे अपने गलत होने का डर नहीं रहता। यही बात कार्यालयों पर भी लागू होती है। वहां जो व्यक्ति नियम तोड़ता है, यह जानता है कि वह अकेला नहीं। काम करने वालों की अपेक्षा काम न करने वाले सदैव संख्या में अधिक रहेंगे। यही संख्या बल का आत्मविश्वास उसे निर्भीक बनाता है, और यही निर्भीकता ईमानदारों की असहजता का कारण बनती है।

एक उदाहरण देखा जा सकता है। किसी दफ्तर में दो कर्मचारी हैं। पहला हर महीने समय पर फाइलें पूरी करता है, किसी से रिश्वत नहीं लेता। दूसरा काम टालता है, कभी किसी की फाइल रोक देता है, कभी 'चाय पानी की भाषा' में बात करता है। मगर जब अहम वक्त आता है, तो दूसरे वाले की 'मिलनसार प्रवृत्ति' और 'सामाजिक बुद्धिमत्ता' की तारीफ की जाती है। जबकि वास्तविक रूप में कार्य करने वाले की अच्छाई केवल तब तक अच्छी लगती है, जब तक वह दूसरों को आईना नहीं दिखाती।

खोटे सिक्के चल पाते हैं, क्योंकि उनका चलन सामूहिक समझौते से बनता है। कोई उन्हें रोकता नहीं, क्योंकि हर कोई कहीं-न-कहीं वैसा थोड़ा-थोड़ा बन चुका होता है। व्यवस्था में इसे 'मौन सहमति' प्राप्त होती जाती है। धीरे-धीरे यह स्थिति इतनी सामान्य हो जाती है कि खरे सिक्के स्वयं को अनुपयोगी समझने लगते हैं। वे या तो घर बैठ जाते हैं, या स्वयं को औसत बना लेते हैं। और यही वह क्षण है जहां हम देखते हैं कि बुरी मुद्रा अच्छी मुद्रा को चलन से बाहर कर देती है। यह उक्ति केवल अर्थशास्त्र का ही नहीं, मनोविज्ञान का सबसे क्रूर सत्य उजागर करती है। जब समाज, संस्था, या व्यवस्था में खोटे सिक्कों का बोलबाला हो जाता है, तब खरे सिक्के अपने ही मूल्य से वंचित हो जाते हैं। वे चलन से बाहर हो जाते हैं, जैसे नैतिकता, आदर्श, सच्चाई, श्रम, लगन ये सब घिसी-पिटी बातें हों। और फिर धीरे-धीरे खोटे सिक्के ही असली मुद्रा बन जाते हैं- सबकी जेबों में, सबके मन में!हम ऐसे समाज में रहते हैं, जहां लोग एक-दूसरे के जीवन में बहुत रुचि लेते हैं। यह रुचि कई बार अपनापन लगती है, लेकिन कई बार यही दखलंदाजी बन जाती है। जब कोई सार्वजनिक जगह पर रिश्तों का सहारा लेकर किसी से उसके जीवन के फैसलों पर सवाल करता है, तो वह केवल एक साधारण बात नहीं होती। वह उस व्यक्ति के आत्मसम्मान को छू जाती है। हर इंसान का जीवन उसका अपना होता है। उसमें उसके सपने होते हैं, उसकी मेहनत होती है, उसकी विफलताएं होती हैं और उम्मीदें भी। हर किसी की गति अलग होती है। कोई जल्दी सफलता पा लेता है, कोई देर से। कोई अपनी राह खुद चुनता है, कोई परिवार की अपेक्षाओं के साथ चलता है। समस्या यह है कि समाज सबके लिए एक ही तरह के मापदंड बना देता है। ऐसे में जो उससे अलग चलता है, वह सवालों के घेरे में आ जाता है।

# मोदी से 40 मिनट बातचीत, आसिम मुनीर की तारीफ; भारत और पाकिस्तान दोनों को किस तरह साध रहे डोनाल्ड ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस समय भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पाकिस्तान के फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के बीच एक सावधानी भरा संतुलन साधते हुए दिखाई दे रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि अमेरिका पाकिस्तान की चुनी हुई नागरिक सरकार की बजाय सैन्य नेतृत्व के साथ अधिक सक्रिय संवाद करता दिख रहा है, जिससे कई सवाल उठ रहे हैं।

14 अप्रैल को ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लगभग 40 मिनट तक फोन पर बातचीत की। अमेरिका में भारत के राजदूत सर्जियो गोर के अनुसार ट्रंप ने मोदी से कहा, 'मैं बस आपको यह बताना चाहता हूं कि हम सब आपसे प्यार करते हैं।' उसी दिन ट्रंप ने यह भी संकेत दिया कि अमेरिका-ईरान वार्ता दो दिनों में फिर शुरू हो सकती है और ये बातचीत पाकिस्तान में हो सकती है। उन्होंने यह भी कहा, 'आप जानते हैं क्यों? क्योंकि फील्ड मार्शल बहुत अच्छा काम कर रहे हैं।' उन्होंने अलग से एक अन्य संदेश में मुनीर को 'बेहतरीन' भी बताया।

इन दिनों अमेरिकी नेताओं की ओर से मुनीर की लगातार तारीफ की जा रही है और कई बार उन्हें पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से भी ज्यादा अहम माना जा रहा है।

मुनीर को ट्रंप का 'पसंदीदा' फील्ड मार्शल भी कहा जा रहा है। वह व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ बातचीत और लंच के लिए भी आमंत्रित किए जा चुके हैं। दूसरी ओर, 15 अप्रैल को शहबाज शरीफ और विदेश मंत्री इशाक डार सऊदी अरब, कतर और तुर्की की यात्रा पर गए, जो इस पूरे कूटनीतिक घटनाक्रम से अलग एक समानांतर प्रयास जैसा दिखता है।

उसी समय मुनीर के तेहरान जाने की भी बात सामने आई, जिससे यह धारणा और मजबूत हुई कि वे क्षेत्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण बातचीत में सीधे शामिल हैं, खासकर अमेरिका-ईरान संबंधों को लेकर। यह भी कहा जा रहा है कि वे जल्द ही वाशिंगटन जा सकते हैं, जहां उनका प्रभाव और अधिक प्रमुखता से सामने आ सकता है।

ट्रंप की मुनीर के प्रति सकारात्मक सोच नई नहीं है। अमेरिका यह समझता है कि पाकिस्तान की सत्ता संरचना में सेना की भूमिका बहुत मजबूत है। लेकिन आलोचकों का कहना है कि इस तरह सेना को ज्यादा महत्व देने से पाकिस्तान की लोकतांत्रिक संस्थाएं और कमजोर हो सकती हैं।

कुछ विश्लेषकों का यह भी मानना है कि पाकिस्तान की सेना ने लंबे समय से क्षेत्र में अस्थिरता पैदा करने में भूमिका निभाई है, खासकर 1990 के दशक के बाद से। इस नजरिए से देखा जाए तो मुनीर का अमेरिका-ईरान बातचीत में मध्यस्थ के रूप में उभरना कई सवाल खड़े करता है, खासकर तब जब यह भूमिका नागरिक सरकार की बजाय सैन्य नेतृत्व को मिल रही है।

इस पूरे घटनाक्रम ने भारत और पाकिस्तान को एक ही नजर से देखने की पुरानी अमेरिकी नीति की वापसी की बहस भी शुरू कर दी है। आलोचकों के अनुसार यह सोच अब पुरानी हो चुकी है क्योंकि भारत आज एक बड़ा वैश्विक शक्ति केंद्र है, जबकि पाकिस्तान आर्थिक और संरचनात्मक चुनौतियों से जूझ रहा है।

भारत के संदर्भ में एक और सवाल यह उठता है कि उसे पश्चिम एशिया में अपनी कूटनीतिक और सुरक्षा नीति को और मजबूत करने की जरूरत है। भारत के लिए यह क्षेत्र बहुत महत्वपूर्ण है, और उसकी भूमिका सिर्फ संयुक्त अरब अमीरात तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। लेख में यह भी सवाल उठाया गया है कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर की यात्राएं मुख्य रूप से यूएई तक ही क्यों सीमित रही हैं।

दूसरी तरफ, अमेरिका भारत से क्वाड (भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया) में और मजबूत भूमिका निभाने की उम्मीद कर रहा है। यह अमेरिका की इंडो-पैसिफिक रणनीति का हिस्सा है, जो चीन को लेकर उसकी नीति से जुड़ी हुई है। लेकिन अगर अमेरिका खुद चीन के साथ संबंध सुधारता है, तो क्वाड की उपयोगिता पर भी असर पड़ सकता है।

भारत के लिए यह भी जरूरी माना जा रहा है कि वह सिर्फ बहुपक्षीय समूहों पर निर्भर न रहे, खासकर चीन के साथ अपनी चुनौतियों को देखते हुए।

अंत में भारत-अमेरिका संबंधों को लेकर लगातार बढ़ती सकारात्मक बातों के बावजूद, मार्च में भारत दौरे के दौरान क्रिस्टोफर लैंडौ की उस टिप्पणी की भी याद दिलाई जाती है जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका भारत के साथ वही 'गलती' नहीं दोहराएगा, जो उसने चीन के साथ की थी। इससे यह सवाल बना रहता है कि आने वाले समय में भारत-अमेरिका संबंध कितने गहरे और स्थायी होंगे।

# मां थी तो पैसे नहीं थे, अब पैसे हैं पर मां नहीं है

**मां... एक ऐसा शब्द, जिसमें पूरी दुनिया की ममता समाई होती है। जब वह थी, तब शायद हमने उसकी कीमत नहीं समझी। उसकी डांट में छुपा प्यार, उसके हाथों का बना सादा खाना, उसकी छोटी-छोटी चिंताएं–सब कुछ हमें सामान्य लगता था। हम सोचते थे कि जब हमारे पास पैसे होंगे, अच्छी नौकरी होगी, तब हम उसे खुश रखेंगे, उसकी हर इच्छा पूरी करेंगे।**


**डॉ विजय गर्ग**

जीवन अक्सर हमें ऐसे मोड़ पर लाकर खड़ा कर देता है, जहां पीछे मुड़कर देखने पर ही उसकी असली कीमत समझ आती है। बचपन के वे दिन, जब घर में सुविधाएं कम थीं, जेब में पैसे नहीं होते थे, लेकिन दिल में एक अजीब-सी शांति और सुकून होता था–क्योंकि मां साथ होती थी।

मां... एक ऐसा शब्द, जिसमें पूरी दुनिया की ममता समाई होती है। जब वह थी, तब शायद हमने उसकी कीमत नहीं समझी। उसकी डांट में छुपा प्यार, उसके हाथों का बना सादा खाना, उसकी छोटी-छोटी चिंताएं–सब कुछ हमें सामान्य लगता था। हम सोचते थे कि जब हमारे पास पैसे होंगे, अच्छी नौकरी होगी, तब हम उसे खुश रखेंगे, उसकी हर इच्छा पूरी करेंगे।

**लेकिन समय किसी के लिए नहीं रुकता।**

आज हमारे पास पैसे हैं, सुख-सुविधाएं हैं, बड़े घर हैं, महंगे कपड़े हैं–लेकिन मां नहीं है। अब वह आवाज नहीं आती जो पूछती थी, 'खाना खा लिया?' अब वह हाथ नहीं हैं जो सिर पर रखकर आशीर्वाद देते थे। अब कोई नहीं है जो बिना कहे हमारी हर परेशानी समझ ले।



पैसा बहुत कुछ खरीद सकता है–सुख-सुविधाएं, आराम, नाम और शोहरत। लेकिन मां का प्यार, उसकी ममता, उसकी उपस्थिति–ये सब अमूल्य हैं, जिन्हें कोई धन वापस नहीं ला सकता।

अक्सर हम अपने जीवन की दौड़ में इतने व्यस्त हो जाते हैं कि अपने सबसे करीब के रिश्तों को नजरअंदाज कर देते हैं।

हम यह भूल जाते हैं कि जिनके लिए हम सब कुछ कर रहे हैं, वे ही हमारे पास हमेशा नहीं रहेंगे।

यह लेख सिर्फ एक भावनात्मक अनुभव नहीं, बल्कि एक संदेश है–जब तक मां हमारे साथ है, उसके साथ समय बिताएं, उसकी कद्र करें, उसके त्याग को समझें। उसे यह महसूस कराएं कि वह हमारे लिए कितनी महत्वपूर्ण है।

क्योंकि एक दिन ऐसा भी आएगा जब हम सब कुछ हासिल कर लेंगे, लेकिन मन के किसी कोने में एक खालीपन रह जाएगा–जिसे कोई भी दौलत नहीं भर पाएगी।

मां का होना ही असली दौलत है।

**डॉ विजय गर्ग** सेवानिवृत्त प्रिंसिपल मलोट पंजाब

# परिसीमन संवेदनशील मुद्दा, दक्षिण भारत के राज्यों की आशंका भी दूर करना जरूरी

**हालांकि इस तरह के कदम उठाने से पहले देशभर में सर्वसम्मति कायम करने की अपेक्षा की जाती है, ताकि राज्यों के बीच मतभेद न उपजे, लेकिन परिसीमन को लेकर केंद्र सरकार की पहल के बाद तमिलनाडु में जिस तरह का विरोध उभर रहा है, उससे कई सवाल उठे हैं**

इसमें कोई दोराय नहीं कि संसद में सीटों की संख्या में बढ़ोतरी समय की जरूरत हो सकती है और निर्धारित प्रक्रिया के तहत इसमें बदलाव हो सकते हैं। मगर इस वर्ष परिसीमन की कवायद को लेकर कई सवाल उभरते दिख रहे हैं। खासतौर पर दक्षिण भारत के राज्यों की ओर से यह आशंका जताई जा रही है कि परिसीमन के ताजा प्रस्ताव के तहत जो प्रारूप सामने आया है, अगर वह अमल में आया तो यह व्यापक स्तर पर भेदभाव का कारण बनेगा।

हालांकि इस तरह के कदम उठाने से पहले देशभर में सर्वसम्मति कायम करने की अपेक्षा की जाती है, ताकि राज्यों के बीच मतभेद न उपजे, लेकिन परिसीमन को लेकर केंद्र सरकार की पहल के बाद तमिलनाडु में जिस तरह का विरोध उभर रहा है, उससे कई सवाल उठे हैं। गौरतलब है कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने गुरुवार को केंद्र के प्रस्तावित परिसीमन की कवायद के खिलाफ विरोध को तेज करते हुए इससे संबंधित विधेयक की प्रति जला कर और काला झंडा दिखा कर पूरे राज्य में आंदोलन की शुरुआत कर दी। इससे पहले स्टालिन ने यहां तक कहा था कि तमिलनाडु की चिंता को दूर किए बिना अगर परिसीमन को आगे बढ़ाया गया, तो राज्य में एक समय चले हिंदी विरोधी आंदोलनों जैसी स्थिति बन सकती है। निश्चित रूप से एक संवेदनशील मुद्दे पर देश के अलग-अलग राज्यों में इस स्तर के मतभेद पैदा नहीं होने चाहिए थे और इससे जुड़ी चिंताओं का समाधान वक्त की जरूरत है। मगर हैरानी की बात यह है कि क्या केंद्र सरकार को इसका आभास नहीं था कि लोकसभा में सीटों की संख्या में बढ़ोतरी के क्रम में उत्तर और दक्षिण भारत के राज्यों के बीच जिस तरह का असंतुलन पैदा होने वाला है, उससे कई स्तर पर असंतोष उभर सकता है! दरअसल, सरकार परिसीमन को महिला आरक्षण के साथ जोड़ कर पेश करने का प्रयास कर रही है, ताकि इसे लेकर उठने वाली आपत्तियों को कमजोर किया जा सके। मगर विपक्षी दलों की ओर से ऐसे सवाल उठाए जा रहे हैं कि राष्ट्रीय स्तर पर अलग-अलग राज्यों में लोकसभा की सीटों में बढ़ोतरी संसद के समीकरण में वैसे राज्यों को मजबूत स्थिति में खड़ा करेगा, जहां भारतीय जनता पार्टी ताकतवर है। इसके अलावा, सीटों के फिर से बंटवारे के क्रम में जो नया समीकरण बनेगा, उसमें दक्षिण भारत के राज्यों के प्रतिनिधित्व और अधिकारों में काफी कमी आने की आशंका जताई जा रही है। दूसरी ओर, उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे कई राज्यों की नुमाइंदगी में काफी बढ़ोतरी हो जाएगी। शायद यही वजह है कि तमिलनाडु में इस मसले पर व्यापक असंतोष उभर रहा है। तेलंगाना, कर्नाटक और केरल आदि राज्यों में भी परिसीमन में आबादी के आधार पर लोकसभा की सीटों में वृद्धि होने पर तीखे सवाल उठाए जा रहे हैं कि क्या दक्षिण भारतीय राज्यों को परिवार नियोजन को लेकर बेहतर प्रदर्शन का खमियाजा उठाना पड़ रहा है। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि स्टालिन ने परिसीमन संशोधन को दक्षिणी राज्यों के खिलाफ और देश की प्रगति में योगदान देने की सजा तक कहा है।सवाल है कि इतने संवेदनशील मुद्दे पर केंद्र सरकार को सभी राज्यों को विश्वास में लेने की जरूरत क्यों महसूस नहीं हुई। एक पक्ष यह है कि परिसीमन का मुख्य आधार चूंकि जनगणना होता है, तो नई स्थितियों में इससे संबंधित किसी कवायद पर उठने वाले सवालों का हल क्यों नहीं निकाला गया? कोशिश इस बात की होनी चाहिए कि अगर परिसीमन की प्रक्रिया आगे बढ़ती है, तो इस मसले पर उभरने वाली आपत्तियों पर गौर किया जाए और सभी राज्यों के बीच सहमति कायम की जाए।अमित शाह ने कहा कि ऐसी धारणा पैदा की जा रही है कि इन तीनों विधेयकों के पारित होने से दक्षिण राज्यों की संख्या लोकसभा में बहुत कम हो जाएगी और उन्हें बड़ा नुकसान होगा। उन्होंने इसे खारिज करते हुए कहा कि कर्नाटक में अभी 28 लोकसभा सीट हैं जो कुल 543 सीट का 5.15 प्रतिशत हैं, लेकिन ये विधेयक पारित होने के बाद कर्नाटक के सदस्यों की संख्या 42 हो जाएगी जो कुल 816 सीटों का 5.14 प्रतिशत होगी।



# अगले हफ्ते धोनी आईपीएल में वापसी कर सकते हैं वानखेड़े या चेपॉक में खेल सकते हैं अभी काफ इंजरी से रिकवरी कर रहे हैं

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अगले हफ्ते आईपीएल में वापसी कर सकते हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया ने टीम सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि उनकी चोट में तेजी से सुधार हो रहा है और वह आने वाले बड़े मुकाबलों के लिए उपलब्ध हो सकते हैं।

धोनी को आईपीएल शुरू होने से करीब एक हफ्ते पहले प्रैक्टिस सेशन के दौरान पिंडली में खिंचाव आ गया था। इसी वजह से वह टूर्नामेंट के शुरुआती तीन हफ्तों में नहीं खेल पाए।

अब उनकी वापसी को लेकर कयास तेज हो गए हैं। संभावना है कि धोनी 23 अप्रैल को मुंबई इंडियंस के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में मैदान पर उतर सकते हैं। अगर ऐसा नहीं होता, तो वह 26 अप्रैल को गुजरात टाइटन्स के खिलाफ चेपॉक स्टेडियम में खेलते नजर आ सकते हैं।

सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में नहीं खेलेंगे चेन्नई सुपर किंग्स का अगला मुकाबला शनिवार को सनराइजर्स हैदराबाद (स्त्र्ा) से होना



है। हालांकि, इस मैच में धोनी प्लेइंग इलेवन का हिस्सा नहीं होंगे। टीम मैनेजमेंट उनकी फिटनेस को लेकर कोई जल्दबाजी नहीं करना चाहता। छ्स्य के सूत्रों ने कहा,'धोनी अभी रिहैब प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। हम उनकी फिटनेस के साथ कोई जोखिम नहीं लेना चाहते, इसलिए उन्हें पूरी तरह फिट होने का समय दिया जा रहा है।'

प्रैक्टिस सेशन में की लंबी बल्लेबाजी, रेंज हिटिंग पर फोकस भले ही धोनी मैच नहीं खेल रहे हैं, लेकिन वे नेट प्रैक्टिस में लगातार पसीना बहा रहे हैं। धोनी ने हाल ही में नेट्स पर लंबी बल्लेबाजी की है। इस दौरान उन्होंने अपनी 'रेंज हिटिंग'पर खास काम किया। नेट सेशन के दौरान धोनी पुराने अंदाज में लंबे छक्के लगाते दिखे, जिससे संकेत मिल रहे हैं कि वे अपनी लय हासिल कर चुके हैं।

इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर हो सकता है इस्तेमाल धोनी की वापसी के बाद छ्स्य उन्हें किस भूमिका में रखेगी, यह देखना दिलचस्प होगा। वर्तमान में संजू सैमसन विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं और संभावना है कि वे ही इसे जारी रखेंगे। ऐसे में टीम धोनी को 'इम्पैक्ट प्लेयर' के तौर पर इस्तेमाल कर सकती है। इससे धोनी पर विकेटकीपिंग और दौड़ने का अतिरिक्त दबाव नहीं पड़ेगा और टीम उनकी पावर-हिटिंग का फायदा उठा सकेगी।

# मैं खिलाड़ियों का समर्थन करने के लिए हूं, उनपर नियंत्रण के लिए नहीं: रिकी पोंटिंग

मुंबई । रिकी पोंटिंग की कोचिंग वाली पंजाब किंग्स आईपीएल में सभी विपक्षी टीमों के लिए बड़ी मुसीबत बनी हुई है। आईपीएल 2025 का फाइनल खेलने वाली पंजाब ने आईपीएल 2026 की शुरुआत भी उसी अंदाज में की है और अब तक अपराजेय है। गुरुवार को पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को उसके घरेलू मैदान वानखेड़े में 7 विकेट से हराया। मुंबई इंडियंस पर जीत के बाद पंजाब किंग्स अंकतालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। दमदार जीत और सीजन में टीम के शानदार प्रदर्शन पर पंजाब किंग्स के हेड कोच रिकी पोंटिंग ने कहा कि वह एक कोच के तौर पर खिलाड़ियों का समर्थन करते हैं और चुनौती देते हैं, लेकिन उन पर नियंत्रण नहीं करते। पोंटिंग ने जियोस्टार पर कहा, 'मेरे लिए, यह सही माहौल बनाने से शुरू होता है, जहां हर खिलाड़ी को लगे कि उसे अहमियत दी जा रही है और वह एक ही पेज पर है। एक कोच के तौर



पर, मैं उनका समर्थन करने और चुनौती देने के लिए हूं, उन पर नियंत्रण करने के लिए नहीं हूं। जब वे असफल होते हैं, तब भी उन्हें यह जानना होगा कि यह खेल का हिस्सा है। टी20 क्रिकेट में, आपको किसी भी दिन आगे बढ़ने के लिए बस कुछ ही खिलाड़ियों की जरूरत होती है। '

उन्होंने कहा कि नीलामी के दौरान भी हमारी यही रणनीति थी। हमारा लक्ष्य स्पष्ट भूमिकाओं के साथ एक मजबूत ग्रुप बनाने पर था। जब खिलाड़ियों के मन में दूसरे के प्रति सहयोग की भावना रहती है, तो नतीजे अच्छे होते हैं।मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के मैच पर नजर डालें तो पंजाब ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। क्विंटन डिकॉक के 60 गेंदों पर बनाए नाबाद 112 रन की मदद से मुंबई ने 6 विकेट पर 195 रन बनाए थे।पंजाब किंग्स ने प्रभसिमरन सिंह के 39 गेंदों पर नाबाद 80 और कप्तान श्रेयस अय्यर के 35 गेंदों पर 66 रनों की बदौलत 16.3 ओवर में 3 विकेट पर 198 रन बनाकर मैच 7 विकेट से जीता।

पंजाब सीजन के 5 मैचों में 4 जीत चुकी है। एक मैच बारिश की वजह से धुल गया था।

# स्टेट लीग के अनुभव ने बढ़ाया मेरा कॉन्फिडेंस : विपराज

**नई दिल्ली।** आईपीएल जैसी दुनिया की सबसे तेज और हाई-प्रेशर लीग में खेलने के लिए यंग प्लेयर्स को मानसिक रूप से मजबूत होना पड़ता है। 21 साल के दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ी विपराज ने बताया कि इस लेवल पर परफॉर्म करने के लिए स्टेट लीग का अनुभव और प्रैक्टिस कैंप की प्लानिंग सबसे ज्यादा काम आती है।

दिल्ली कैपिटल्स के ऑलराउंडर विपराज निगम ने आईपीएल 2026 के राइवलरी वीक के दौरान गुरुवार को जियोस्टार प्रेस रुम में मीडिया से बात की।विपराज ने कहा, आईपीएल एक बहुत ही फास्ट लीग है, जहां खिलाड़ियों को अपनी तैयारी और खेल के बारे में सोचने के लिए बहुत कम समय मिलता है। इसी वजह से वे अपने प्रैक्टिस सेशन्स और कैंप्स के दौरान ही यह तय कर लेते हैं कि मैच में किस तरह का प्रदर्शन करना है। वे अपनी प्लानिंग के अनुसार ही प्रैक्टिस सेशन में खुद को ढालते हैं।



इसके अलावा विपराज ने अपनी सफलता में स्टेट लीग की भूमिका को अहम बताया। उन्होंने कहा,

**कौन हैं विपराज निगम?**

विपराज निगम का जन्म 28 जुलाई, साल 2004 में उत्तर प्रदेश में हुआ था। आईपीएल 2025 के लिए हुए ऑक्शन में दिल्ली कैपिटल्स की फ्रेंचाइजी ने उन्हें 50 लाख रुपए में अपने साथ जोड़ा था। विपराज दाहिने हाथ से बल्लेबाजी के साथ-साथ लेगब्रेक गेंदबाजी करने में माहिर हैं।

**डेब्यू पर सुर्खियां बटोरीं**


विपराज का डेब्यू शानदार रहा था। उन्होंने आईपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए डेब्यू करते हुए स्स्त्त के खिलाफ मैच में 15 गेंदों में 39 रन की विस्फोटक पारी और एक विकेट (ऐडन मार्करम) लेकर सुर्खियां बटोरीं। विपराज ने यह पारी तब खेली जब दिल्ली कैपिटल्स 13वें ओवर में 113/6 पर थी और 210 के टारगेट का पीछा कर रही थी।

# बुमराह को मिला कोच जयवर्धने का समर्थन, बोले- हमारा गेंदबाजी आक्रामण अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहा

**मुंबई।** इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने आईपीएल 2026 में विकेट न लेने के बावजूद जसप्रीत बुमराह का समर्थन किया है। पंजाब किंग्स के खिलाफ मिली हार के बाद उन्होंने स्वीकार किया है कि गेंदबाजी इकाई सामूहिक रूप से संघर्ष कर रही है। मुंबई इंडियंस को आईपीएल के मौजूदा सीजन में लगातार चौथी हार का सामना करना पड़ा है।

**बुमराह के फॉर्म ने बढ़ाई चिंता**

जसप्रीत बुमराह मुंबई इंडियंस की गेंदबाजी का सबसे मजबूत और प्रमुख हथियार हैं। शुरुआती ओवर हों या डेथ ओवर, बुमराह के खिलाफ रन बनाना हमेशा मुश्किल होता है। बल्लेबाज उनके खिलाफ जोखिम नहीं लेते और अपनी विकेट बचाने की कोशिश करते हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी उनके



साथ ऐसा ही होता है, लेकिन आईपीएल 2026 बुमराह के लिए बिल्कुल अलग, असाधारण और निराशाजनक साबित हुआ है। यॉर्कर किंग के नाम से मशहूर बुमराह की गेंदों पर आराम से रन बन रहे हैं। 15 साल के वैभव सूर्यवंशी ने उनकी पहली गेंद पर छक्का लगा दिया था। सीजन के पांच मैचों में 19 ओवर फेंक कर 164 रन लुटाने वाले बुमराह को एक भी विकेट हासिल नहीं हो सका है। यह परेशान करने वाला है और मुंबई की लगातार हार का एक कारण भी है।

जयवर्धने ने कहा, बुमराह अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। बस पावरप्ले में हम विरोधी टीमों पर दबाव नहीं बना पा रहे हैं। विपक्षी टीम जानती है कि बुमराह के खिलाफ ज्यादा जोखिम लेने की जरूरत नहीं है। हमने कुछ अलग-अलग तरीके आजमाए हैं। विरोधी टीम में ऐसे तरीके आजमा रही हैं, लेकिन वे अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। मैं किसी एक चीज पर अंगुली नहीं उठा सकता और यह नहीं कह सकता कि उन्होंने विकेट नहीं लिया है।

**जयवर्धने बोले- आईपीएल की शुरुआत में चोटिल थे बुमराह**

श्रीलंका के पूर्व कप्तान ने खुलासा किया कि आईपीएल की शुरुआत में बुमराह मामूली रूप से चोटिल थे, लेकिन अब वह पूरी तरह ठीक हो गए हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि शुरुआत में ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि विश्व कप के दौरान उन्हें हल्की चोट लग गई थी। पिछले कुछ मैचों में उनकी गति में सुधार हुआ है। हमने इन सभी बातों को ध्यान रखा है, इसलिए वह काफी सहज महसूस कर रहे हैं। कभी-कभी किस्मत का साथ भी जरूरी होता है।

## व्यापार

# जियो का आईपीओ मई में आने की उम्मीद ड्राफ्ट पेपर्स जल्द फाइल करेगी कंपनी

**नई दिल्ली।** रिलायंस जियो आईपीओ के लिए ड्राफ्ट पेपर्स मई में फाइल कर सकती है। पहले रिलायंस का लक्ष्य मार्च के अंत तक पेपर्स फाइल करने का था।

हालांकि, ईरान युद्ध के कारण बाजार में आई गिरावट की वजह से इस टाइमलाइन को आगे बढ़ा दिया गया। यह देश का सबसे बड़ा द्धक्क हो सकता है।

**वैल्यूएशन में हुंडई को पीछे छोड़ेगी जियो**

इन्वेस्टमेंट बैंक जेफरीज ने पिछले साल नवंबर में जियो की वैल्यूएशन करीब 180 बिलियन डॉलर यानी करीब 16 लाख करोड़ रुपए आंकी थी।

हालांकि, अब कुछ बैंकर्स इसकी वैल्यूएशन 240 बिलियन डॉलर यानी करीब 22 लाख करोड़ रुपए तक बता रहे हैं।

इस वैल्यूएशन के हिसाब से




2.5% हिस्सा बेचने पर भी जियो हुंडई मोटर इंडिया के ?27,000 करोड़ के आईपीओ को पीछे छोड़ देगी।

**विदेशी निवेशकों को मिल सकता है निकलने का मौका**

पिछले 6 सालों में रिलायंस जियो ने केकेआर (चयत्र), सिल्वर लेक और गूगल जैसे बड़े ग्लोबल इन्वेस्टर्स से फंड जुटाया है।

माना जा रहा है कि इस आईपीओ के जरिए कई विदेशी निवेशक अपनी हिस्सेदारी बेचकर मुनाफा कमा सकते हैं और बाहर निकल सकते हैं।

**19 बैंकों को सौंपी गई आईपीओ मैनेज करने की जिम्मेदारी**

रिलायंस ने पिछले महीने ही आईपीओ की तैयारियां औपचारिक रूप से शुरू कर दी थीं। इसके लिए कोटक महिंद्रा कैपिटल, मॉर्गन स्टेनली, गोल्डमैन सैक्स, जेएम फाइनेंशियल, एचएसबीसी बैंक ऑफ अमेरिका और सिटीग्रुप जैसे 19 बड़े बैंकों को एडवाइजर के तौर पर नियुक्त किया गया है। हालांकि, आईपीओ के स्ट्रक्चर और सटीक समय को लेकर अभी चर्चा जारी है और इसमें बदलाव संभव है।

**मस्क की स्टारलिंक से मुकाबला और एआई पर फोकस**

जियो सिर्फ एक टेलीकॉम कंपनी नहीं रह गई है, बल्कि यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल सर्विसेज में भी तेजी से विस्तार कर रही है।

# गूगल ने भारत में 17 लाख एडवरटाइजर अकाउंट सस्पेंड किए

**जेमिनी एआई की मदद से 2025 में 48 करोड़ से ज्यादा भ्रामक विज्ञापन भी हटाए**

टेक कंपनी गूगल ने 2025 में भारत में नियमों का उल्लंघन करने वाले 48.37 करोड़ विज्ञापनों को हटाया या ब्लॉक किया है। इसी दौरान कंपनी ने अपने एआई प्लेटफॉर्म जेमिनी की मदद से 17 लाख एडवरटाइजर अकाउंट्स भी सस्पेंड किए हैं।

गुरुवार को जारी गूगल की 2025 एड्स सेफ्टी रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, ग्लोबल लेवल पर कार्रवाई और भी बड़े पैमाने पर हुई है। पिछले साल दुनिया भर में 830 करोड़ से ज्यादा खराब विज्ञापनों को हटाया गया।

इसके साथ ही 2.49 करोड़ एडवरटाइजर अकाउंट्स को भी सस्पेंड किया गया है। कंपनी का दावा है कि हटाए गए कुल विज्ञापनों में से 99%




को यूजर्स के देखने से पहले ही रोक दिया गया था।

गूगल ने बताया कि जेमिनी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल के जुड़ने से उसकी क्षमता में जबरदस्त सुधार हुआ है। आजकल स्कैमर्स भ्रामक विज्ञापन बनाने के लिए जेनेरेटिव एआई का इस्तेमाल कर रहे हैं।

जेमिनी की मदद से ऐसे धोखेबाजों को रियल-टाइम में पहचानना और रोकना आसान हो गया है। इसकी कार्यकुशलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 2024 के मुकाबले 2025 में यूजर्स की रिपोर्ट पर चार गुना तेजी से एक्शन लिया गया।

**की-वर्ड्स की जगह अब 'इरादा' समझता है सिस्टम**

गूगल के एड्स प्राइवेसी एंड सेफ्टी विभाग के वीपी और जनरल मैनेजर कीरत शर्मा ने बताया कि उनकी टीमें 24 घंटे काम करती हैं। कंपनी के नए मॉडल्स अब केवल कीवर्ड्स पर निर्भर नहीं हैं, बल्कि वे विज्ञापनों के पीछे के इंटेंट यानी इरादे को भी समझते हैं।

ये मॉडल अकाउंट की उम्र और व्यवहार जैसे अरबों संकेतों का एनालिसिस करते हैं। जिससे पकड़ में आने से बचने के लिए डिजाइन किए गए विज्ञापनों को भी पहले ही ब्लॉक कर दिया जाता है।

# ईरान युद्ध के कारण यूरोप में जेट फ्यूल का संकट, 6 हफ्ते का स्टॉक बचा

**नई दिल्ली।** ईरान युद्ध और होर्मुज रूट बंद होने से यूरोप और एशिया में जेट फ्यूल की भारी कमी होने वाली है। इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी के मुताबिक, यूरोप के पास अब सिर्फ 6 हफ्ते का तेल बचा है। अगर सप्लाई जल्द शुरू नहीं हुई, तो गर्मियों की छुट्टियों के सीजन में फ्लाइट्स रद्द होंगी और टिकट के दाम बढ़ेंगे।

इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी के डायरेक्टर फातिह बिरोल ने एक इंटरव्यू में बताया कि ग्लोबल इकोनॉमी अब तक के सबसे बड़े ऊर्जा संकट का सामना कर रही है। यूरोप के कुछ देशों के पास आमतौर पर कई महीनों का जेट फ्यूल स्टॉक होता है, लेकिन युद्ध की वजह से अब यह तेजी से घट रहा है।

आईईए की रिपोर्ट के मुताबिक, यूरोप के कई देशों में अब 20 दिन से भी कम का फ्यूल स्टॉक रह गया है।




अगर यह 23 दिन से नीचे गिरता है, तो एयरपोर्ट्स पर फ्यूल की फिजिकल कमी दिखने लगेगी, जिससे फ्लाइट्स बड़े पैमाने पर रद्द करनी पड़ेंगी।

यूरोप अपनी जरूरत का करीब 20 से 25% जेट फ्यूल आयात करता है। इसमें से 40% हिस्सा होर्मुज रूट के रास्ते आता है। अर्गस मीडिया के मुताबिक, जब से ईरान युद्ध शुरू हुआ है, इस रास्ते से एक भी फ्यूल शिप नहीं निकला है। दुनिया में हर दिन 1 करोड़ से 1.5 करोड़ बैरल तेल की सप्लाई इस रास्ते के बंद होने से रुकी हुई है।

एयरलाइंस पर बोझ बढ़ा, खर्च में 30% हिस्सा फ्यूल का

इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अनुसार, किसी भी एयरलाइन के कुल खर्च में जेट फ्यूल की हिस्सेदारी 30% होती है। युद्ध शुरू होने के बाद से जेट फ्यूल की कीमतें लगभग दोगुनी हो गई हैं। इसका सीधा असर एयरलाइंस के मुनाफे पर पड़ रहा है।यही वजह है कि एयरलाइंस ने अब इसका बोझ यात्रियों पर डालना शुरू कर दिया है। कई कंपनियों ने टिकट के दाम बढ़ाने के साथ-साथ बैगेज फीस और अन्य एड-ऑन सर्विस के चार्ज बढ़ा दिए हैं।

एक्सपर्ट्स के मुताबिक, मिडिल ईस्ट के तेल पर सबसे ज्यादा निर्भरता एशिया-पैसिफिक देशों की है, इसके बाद यूरोप आता है। अमेरिका एक बड़ा तेल उत्पादक है, इसलिए वहां फ्यूल की कमी का संकट कम है।

यूरोप की मदद के लिए अमेरिका ने अप्रैल में अपनी सप्लाई 6 गुना बढ़ाकर 1.5 लाख बैरल प्रतिदिन कर दी है, लेकिन यह पूरी कमी को भरने के लिए काफी नहीं है।

# फूड एप से 12 ऑर्डर पर 900 एक्स्ट्रा खर्च हो

## जोमैटो, स्विगी की प्लेटफॉर्म फीस 3 साल में 9 गुना बढ़ी

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन ऑर्डर के जरिये खाना मंगवाना, ओटीटी देखना, 10 मिनट में किराना- ये सुविधाएं अब पहले से महंगी हो चुकी हैं। प्लेटफॉर्म फीस, डिलीवरी चार्ज और छुपे हुए खर्च मिलकर हर महीने हजारों रुपए यूं ही खर्च हो रहे हैं।यदि आप महीने में 12 बार भी फूड डिलीवरी एप से ऑर्डर करते हैं तो अनजाने में करीब 900 रुपए अतिरिक्त खर्च कर रहे हैं। इसमें 180 रुपए प्लेटफॉर्म फीस और 720 रुपए डिलीवरी चार्ज शामिल है। यह रकम हर साल बढ़ रही है।

2023-2026 के बीच जोमैटो, स्विगी पर प्लेटफॉर्म फीस 9 गुना हो गई। ऑनलाइन मेन्यू के दाम भी




ऑफलाइन से 10-15% ज्यादा होते हैं।

**मंथली खर्च पर बढ़ रहा 2 से 5 हजार का बोझ**

असली समस्या यह है कि हर खर्च छोटा लगता है। 249 रुपए का लंच, 199 रुपए का सब्सक्रिप्शन, लेकिन ये सब मिलकर परिवार के बजट पर हर महीने 2000-5000 रुपए का बोझ बढ़ा देते हैं। चुनौतीपूर्ण हालात में यह बिजनेस बढ़ता है।

कोविड महामारी की सबसे कमजोर तिमाही (जनवरी-मार्च 2020) में जहां एस एण्ड पी 500 कंपनियों की बिक्री 1.9% घटी, वहीं सब्सक्रिप्शन बिजनेस 9.5% बढ़े थे। नेटफ्लिक्स की आय 16%, एपल सर्विसेज की 36% और स्पॉटिफाई की 26% बढ़ी थी।

एक्सपर्ट्स के मुताबिक, सब्सक्रिप्शन मॉडल दो दशकों का सबसे लचीला और मजबूत बिजनेस आर्किटेक्चर है। यहां सीधे ग्राहकों की जेब से पैसा आता है।

# बेटियों ने प्रदेश में देवास का गौरव बढ़ाया : विधायक पवार

## माध्यमिक शिक्षा मंडल प्रदेश की प्रावीण्य सूची में आई छात्राओं का विधायक ने किया सम्मान

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**
**देवास।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश की प्रावीण्य सूची में आई छात्राओं का सम्मान करते हुए विधायक गायत्री राजे पवार ने कहा कि यह हमारे लिए गौरव की बात है देवास की बेटियों ने प्रदेश में हमारा मान बढाया है आप सभी ऐसे ही आगे बढ़ते रहे खूब मन लगाकर पढ़ाई करे और अपने परिवार सहित शहर, प्रदेश, व देश का गौरव बढ़ाए उपरोक्त बात देवास विधायक गायत्री राजे पवार ने विधायक निवास पर माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान पाने वाली छात्राओं के सम्मान के दौरान कहीं। आनंद भवन पेलेस पर कक्षा 10 वीं में प्रदेश में नवां स्थान प्राप्त करने वाली अक्षरा पिता जितेन्द्र शिन्दे, दसवां स्थान प्राप्त करने वाली पलक पिता शिवराज नामदेव एवं कक्षा 12 वीं में वाणिज्य संकाय में प्रदेश में सातवां स्थान प्राप्त करने



वाली छात्रा राशि पिता संजय माली को मिठाई खिलाकर बधाई दी साथ ही प्रतीक चिन्ह, पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया। सम्मान पाकर छात्राओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अपनी सफलता के विषय में अवगत कराया इस दौरान छात्राओं के अभिभावक भी मोजूद रहे जिन्हें विधायक ने शुभकामनायें प्रेषित की।

**10-10 हजार देने की घोषणा**

बेटियों की इस सफलता पर विधायक गायत्री राजे पवार ने छात्राओं को 10-10 हजार रूपये की राशि देने की घोषणा की साथ ही छात्राओं के अभिभावकों से अपील की है कि बेटियों को आगे भी पढ़ायें और इन्हें अपनी पसंद का विषय चुनने दें उन पर विषय के लिए दबाव नहीं बनायें उनके पसंद का विषय होगा तो वे मन लगाकर पढ़ाई करेगी और आपका नाम रोशन करेगी।

**विधानसभा देखने की इच्छा**

छात्राओं ने इस अवसर पर विधानसभा घूमने एवं देखने की इच्छा जताई जिसे विधायक पवार ने सहर्ष स्वीकार करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा के सत्र में आप लोगों को विधानसभा का भ्रमण करवाया जायेगा। भविष्य के लिये यशस्वी प्रधानमंत्री नारी शक्ति वंदन अधिनियम ला रहे है और महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने जा रहे हैं जिससे आप विधानसभा एवं ,संसद सिर्फ देखे ही नहीं बल्कि अंदर भी बैठकर प्रतिनिधित्व कर सकते हैं।

# फायर ब्रिगेड विभाग ने निकाली वाहन रैली






**ग्वालियर।** नगर निगम द्वारा अग्नि सुरक्षा जागरूकता के लिए अग्निशमन सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को फायर ब्रिगेड मुख्यालय सिटी सेंटर से एक वाहन रैली निकाली गई। ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने रैली का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुये ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने कहा कि फायर अधिकारी अपनी जान जोखिम में डालकर हमारी सुरक्षा करते हैं। यह सप्ताह कर्मचारियों और अधिकारियों के साथ-साथ आम

## - ऊर्जा मंत्री तोमर ने दिखाई झंडी

जनता में भी जागरूकता ला रहा है। मंत्री ने आश्वासन दिया कि आमजन की सुरक्षा के लिए फायर विभाग को किसी भी आवश्यकता पर सरकार पूर्ण सहयोग करेगी। अपर आयुक्त मुनीश सिकरवार ने बताया कि फायर सप्ताह के तहत यह जागरूकता रैली पूरे शहर में भ्रमण करेगी। इसका उद्देश्य लोगों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। रैली मुख्यालय से शुरू होकर विभिन्न रास्तों से गुजरते हुए वापस मुख्यालय पर समाप्त हुई। नोडल अधिकारी फायर रजनीश गुप्ता ने अग्निशमन सप्ताह के आयोजन का ऐतिहासिक संदर्भ बताया। उन्होंने जानकारी दी कि 14 अप्रैल 1944 को मुंबई के विक्टोरिया डॉक में एक पानी के जहाज में सेना की विस्फोटक सामग्री में आग लग गई थी। इस घटना में आग पर काबू पाते हुए मुंबई फायर ब्रिगेड के 66 अधिकारी और कर्मचारी शहीद हो गए थे। उन्हीं की स्मृति में और नागरिकों को अग्नि दुर्घटनाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यह सप्ताह मनाया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न फायर गैजेट्स का प्रदर्शन भी किया गया। इनमें फायरवॉल, फायर सिलेंडर, वाटर कैनन और फायर सूट जैसी अग्नि संबंधी वस्तुएं शामिल रहीं।

# जारी है हाथियों का तांडव, ग्रामीण हो रहे हैं परेशान





**-रात रात जाग कर कई गांव के ग्रामीण हाथियों से कर रहे अपनी सुरक्षा**

**(ब्यूरो राजेश शिवहरे)**
**अनूपपुर।** जिले में छत्तीसगढ़ के प्रवासी हाथियों ने अपना रहवास क्षेत्र बना लिया है जिसमें 110 दिनों से तीन हाथियों ने जिले में निरंतर डेरा डाला है वही एक अकेला हाथी 10 दिनों से दिन के समय जंगलों में ठहरकर रात होते हैं ग्रामीणों की संपत्तियों का नुकसान कर रहे हैं हाथियों के रात के समय ग्रामीणों के संपत्तियों के नुकसान करने के कारण दो भागों में बटे चार हाथियों से प्रभावित अनेकों ग्रामों के ग्रामीण रात रात भर जाग कर अपनी संपत्तियों की सुरक्षा के साथ हाथियों को अपने इलाके से खदेड़ते रहने को मजबूर दिखते हैं।

चार हाथियों का समूह तीन एवं एक की संख्या में निरंतर अनूपपुर जिले के अनूपपुर,जैतहरी इलाके में विचरण कर रहे हैं जिसमें से तीन हाथियों का समूह विगत 116 दिन पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य के मरवाही की सीमा को पार कर अनूपपुर जिले में प्रवेश कर एक दिन शहडोल जिले के बुढार 5 दिन डिंडौरी जिले में विचरण करने करते विगत 110 दिनों से अनूपपुर जिले के जैतहरी,अनूपपुर अहिरगवां एवं राजेंद्रग्राम इलाके में विचरण करते फिर से जैतहरी इलाके में विचरण कर रहे हैं वही एक अकेला हाथी 10 दिनों से निरंतर जैतहरी से अनूपपुर इलाके में आकर विचरण कर रहा है।


तीन हाथियों का समूह 13 अप्रैल की सुबह जैतहरी थाना,तहसील एवं वन परिक्षेत्र के ग्राम,ग्राम पंचायत एवं वन बीट गोबरी के जंगल में दिन में ठहरने बाद देर शाम एवं रात को जंगल से निकल कर गोबरी पंचायत के गोबरार नाला,तिपान नदी पार करते हुए देर रात नगर परिषद जैतहरी के बंजारी टोला,बस स्टैंड से लहरपुर टकहुली,पचौहा,कुसुमहाई से ग्राम पंचायत पड़रिया के चोई गांव से होते हुए धनगवां बीट के जंगल में दिन के समय विश्राम करने बाद देर शाम एवं रात होते ही जंगल से निकल कर ग्राम पंचायत कुकुरगोड़ा के बेल्हाटोला में जंगल के समीप छोट्टन कोल,गुलाब सिंह के घर में तोड़फोड़ कर घर के अंदर रखे सामग्रियों को आहार बनाया,विगत रात ग्राम पंचायत पड़रिया के चोई गांव के विभिन्न मोहल्लों में रामलाल राठौर,दिनेश राठौर,भूषण राठौर,रामनरेश राठौर के खेतों में लगे विभिन्न तरह की फसलो को खाते हुए वन विभाग द्वारा वृक्षारोपण की सुरक्षा हेतु लगाए गए खम्बो एवं तार को तोड़कर नुकसान पहुंचाते हुए विगत चार दिनों से धनगवां बीट के आमापानी,बीहीडोंगरी,जनवरिहा,कोलारधार आदि जंगलों में दिन में विश्राम कर रहे हैं।

एक अकेला हाथी जो 10 दिन पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा को अपने तीन साथियों की तलाश कर साथ में रहने के उद्देश्य अनूपपुर जिले के इलाके में प्रवेश किया रहा विगत 10 दिनों से थाना,तहसील एवं वन परिक्षेत्र अनूपपुर के ग्राम पंचायत पोंड़ी,खांड़ा बरबसपुर एवं मझगवां के मध्य स्थित जंगल में दिन में ठहरते शाम एवं रात होते ही राष्ट्रीय राज्य मार्ग,अनूपपुर-जैतपुर मार्गो को पोंजी बांधा एवं भोलगढ के समीप से पार करते हुए जिला मुख्यालय अनूपपुर से 5 से 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्रामीण अंचलों में रात के समय ग्रामीणों की घरों में तोड़फोड़ कर खेत एवं वाडियों में लगे विभिन्न तरह की फसलों को खाकर दिन व्यतीत कर रहा है एक अकेले हाथी द्वारा विगत रात जंगल से निकल कर खांड़ा गांव के मौहारटोला निवासी छत्रपाल सिंह के बाडी में पहुंचकर विचरण करते देखे जाने पर ग्रामीणो द्वारा हो-हल्ला,आग जला कर खदेड़ कर जंगल की ओर भेजा वही दूसरे दिन रात को जंगल से निकल कर ग्राम पंचायत बरबसपुर के भोलगढ़ गांव के निवासी बारेलाल पिता फुल्ला पाव के घर में तोड़फोड़ कर घर तथा बांड़ी में लगे एवं रखें विभिन्न तरह की सामग्रियों को आहार बनाया और वहीं भोलगढ कि सोनटोला निवासी शंभू पिता कोदूलाल पटेल के खेत में रखे गेहूं की फसल,केमला पिता डोमारी सिंह के बांडी में लगे केला एवं गन्ना को दो रात में खाया गुरुवार की रात ग्राम चटुआ निवासी रामलाल पिता फगुना सिंह के जंगल के किनारे बने मिट्टी के घर को अचानक पहुंचकर तोड़फोड़ करते हुए घर के अंदर रख अरहर,चना एवं अन्य तरह की सामग्री को अपना आहार बनाया ग्रामीणों के हो-हल्ला एवं मशाल से खदेडे जाने पर जंगल से होते हुए ग्राम पंचायत खांडा के खोलगढी गांव निवासी गौटा पिता चिड्डू पाव के आंगन में पहुंचकर आंगन में रखे धान के कोढा से भरा एक बोरा उठाकर बाहर लाकर खाया एवं फैलाया इस दौरान रात 1 बजे खोलगढी के प्रभात पिता पूरन पाव के घर में अचानक पहुंचकर घर के आरसीसी सीट को तोड़ बांड़ी में लगे केला को खाया इस दौरान घर के अंदर एक वृद्ध हाथी के हमले से बाल-बाल बच पाया जिस परिजनों द्वारा उठाकर सुरक्षित स्थान पर रखते हुए हाथी को खदेड़े जाने पर शुक्रवार की सुबह दसवे दिन पोंडी बीट के जंगल में पहुंचकर विश्राम कर रहा है।

हाथियों की निरंतर विचरण एवं रात होते ही ग्रामीण अंचलों में पहुंचकर ग्रामीणों के घरों एवं फसलों को नुकसान किए जाने से परेशान कई गांव के ग्रामीण रात-रात भर जाग कर अपने परिवार एवं अपने संपत्तियों की सुरक्षा कर रहे हैं जो अपने इलाके से हाथियों को भगाए जाने हेतु मशाल,हो-हल्ला एवं विभिन्न माध्यमों से हाथियों को अपने इलाके से दूर करते रहते हैं।

# मानव एकता दिवस सेवा और आध्यात्मिक समरसता का पावन अवसर

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**
**देवास।** जब मानव हृदय में प्रेम की मधुर धारा अविरल प्रवाहित होती है और आत्मा एकत्व के दिव्य स्पंदन से आलोकिक होती है, तभी मानवता का वास्तविक और पावन स्वरूप प्रकट होता है। यह वही स्थिति है जहाँ समस्त भेदभाव स्वत विलीन हो जाते हैं और करुणा, समरसता तथा सार्वभौमिक भाईचारे का भाव जीवन्त हो उठता है। इसी दिव्य आध्यात्मिक चेतना को साकार करने हेतु संत निरंकारी मिशन द्वारा बाबा गुरबचन सिंह की पावन स्मृति में मानव एकता दिवस 24 अप्रेल 2026 को श्रद्धा, समर्पण और प्रेममय वातावरण में आयोजित किया जाएगा, जो संपूर्ण मानव जाति को एकत्व, सेवा और सद्भाव का अमूल्य संदेश प्रदान करेगा। मीडिया सहायक विनोद गज्जर और उज्जैन के मुखी त्रिलोक बेलानी ने बताया कि सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन सान्निध्य में दिल्ली के बुराड़ी स्थित सरोवर के सम्मुख ग्राउंड नं. 2 में एक भव्य एवं दिव्य सत्संग का आयोजन किया जाएगा, जहाँ श्रद्धालु भक्त प्रेम, भक्ति और आध्यात्मिकता के अद्वितीय संगम का अनुभव करेंगे। यह पावन अवसर केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि आत्मिक जागृति का उत्सव होगा, जो प्रत्येक हृदय को ईश्वरीय पकत्व के अनुभव से जोड़ते हुए




आंतरिक शांति और संतोष की अनुभूति कराएगा। इसके साथ ही देश-विदेश की विभिन्न शाखाओं में भी श्रद्धालु भक्त एकत्रित होकर इस दिव्य सत्संग को गहन आत्मिक आाव से साकार करेंगे। इस पावन संगम के माध्यन से हर हृदय प्रेम, शांति और भाईचारे के प्रकाश से आलोकित होगा तथा मानवता की एकसूत्रता का संदेश विश्व भर में प्रसारित होगा। यह पावन दिवस दादा गुरबचन सिंह जी एवं चाचा प्रताप सिंह जी की दिव्य स्मृति को समर्पित है, जिनका सम्पूर्ण जीवन त्याग, समर्पण और निःस्वार्थ सेवा की अद्वितीय मिसाल रहा है। उन्होंने अपने आचरण और विचारों के माध्यम से मानवता को प्रेम, दिनमता और परोपकार का सच्चा मार्ग दिखाया। उनके दिव्य आदर्श आज भी प्रत्येक हृदय में सेवा, भक्ति और एकत्व की ज्योति प्रज्वलित करते हैं, और मानव मात्र को यह प्रेरणा देते है कि सच्ची साधना केवल शब्दों में नहीं, बल्कि निस्वार्थ सेवा, करुण और आपसी भाईचारे के भाव में निहित हैं। दिल्ली के मुख्य आयोजन स्थल पर प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक रक्तदान शिविर गहन श्रद्धा, समर्पण और सेवा-भाव के साथ आयोजित किया जाएगा। इस पावन सेवा यज्ञ में विभिन्न अस्पतालों के अनुभवी चिकित्सक एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी की समर्पित टीम अपनी विशेषता और करुणा के साथ सेवा प्रदान करेगी, जिससे यह प्रयास मानवता के प्रति संवेदनशीलता का सजीव उदाहरण बनेगा। संत निरंकारी मण्डल के सधिव जोगिन्दर सुडीजा के अनुसार, संत निरंकारी चौरिटेबल फाउंडेशन के मार्गदर्शन में आयोजित इन शिविरों में हजारों श्रद्धालु निःस्वार्थ भाव से रक्तदान कर मानव जीवन की रक्षा हेतु अपना अमूल्य योगदान अर्पित करेंगे। यह सेवा न केवल जरुरतमंदों के जीवन में नई आशा का संधार करती है, बल्कि दान करने वाले के हृदय में भी आत्मिक संतोष, शांति और कृतार्थता का दिव्य अनुभव उत्पन्न करती है। उल्लेखनीय है कि संत निरंकारी मिशन रक्तदान के क्षेत्र में सदैय अबणी रहा है जहां 4 दशको से रक्तदान का सफल आयोजन किया जा रहा है। मिशन का स्वयं का बलड बैंक मुम्बई में निरंतर परोपकार और सेवा-आव के साथ अपनी अमूल्य सेवाएं प्रदान कर रहा है। विगत् वर्षों में आयोजित हजारों रक्तदान शिविरों के माध्यम से अनगिनत जीवनों को नया संबल और जीवनदान प्राप्त हुआ है। निःसदेह, यह पुण्य प्रयास सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की दिव्य शिक्षाओं का सजीव एवं प्रेरणादायी प्रतिबिंद है, जो मानव हृदय में प्रेम, एकत्व और सह-अस्तित्व की पावन ज्योति प्रज्वलित करता है।

इनकी करुणामयी प्रेरणा प्रत्येक व्यक्ति को यह अनुभूति कराती है कि सच्चा जीवन ही है, जो सेवा, विनमता और आपसी सद्भाव के मार्ग पर अरसर हो।

# भीषण गर्मी एवं बढ़ते तापमान से बचाव हेतु स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

**लू (तापघात) से बचने के लिए दोपहर 12 से 3 बजे के बीच धूप में निकलने से बचें नागरिक**

**शरीर में पानी की कमी और इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन बन सकता है गंभीर खतरा**

**अनूपपुर।** जिले में लगातार बढ़ते तापमान के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग द्वारा आम नागरिकों को लू (तापघात) के दुष्प्रभावों से बचाव के लिए आवश्यक दिशानिर्देश और सलाह जारी की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि तेज धूप में लंबे समय तक रहने से शरीर में पानी की कमी और इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन होने के कारण तापघात की स्थिति निर्मित होती है, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे गर्मी के दौरान स्वयं को सुरक्षित रखने हेतु प्यास न लगने



पर भी पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें, धूप में बाहर निकलते समय शरीर को हल्के रंग के सूती वस्त्रों से ढंक कर रखें और सिर पर टोपी या छाते का प्रयोग करें, सोशल मीडिया एवं समाचारों के माध्यम से प्रसारित स्वास्थ्य संबंधी जानकारियों का अवलोकन करते रहें। दोपहर 12 बजे से 03 बजे के बीच धूप में न निकलें, इस समय लू लगने की संभावना अधिक होती है। चाय, कॉफी और मदिरा जैसे पदार्थों का अत्यधिक सेवन न करें, क्योंकि इनसे डिहाइड्रेशन बढ़ता है। बासी भोजन के सेवन से बचें और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाने से परहेज करें। अधिक मेहनत वाले कार्य करते समय समय-समय पर पानी पीते रहें।

**चिकित्सकीय परामर्श**

यदि किसी व्यक्ति को तेज बुखार, सिरदर्द, चक्कर आना या जी मिचलाने जैसे लू के लक्षण महसूस हों, तो उसे तत्काल नजदीकी शासकीय चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार हेतु संपर्क करना चाहिए। स्वास्थ्य विभाग ने सभी प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को भी गर्मी जनित बीमारियों के उपचार हेतु सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं।

# बैसाखी अमावस्या पर अमरकंटक में हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**-दर्शन पूजन अर्चन किया, सतुवा का किया दान**

**अनूपपुर/अमरकंटक।** पवित्र नगरी में वैशाख मास की पावन सतुवाई अमावस्या के अवसर पर आस्था देखने को मिला,जब हजारों श्रद्धालुओं ने पतित पावनी नर्मदा नदी के पावन तट पर पहुंचकर श्रद्धा की डुबकी लगाई और अपने जीवन को धन्य किया। तड़के सुबह से ही तीर्थस्थल के प्रमुख घाटों–रामघाट, गांधी कुंड एवं अन्य पवित्र कुंडों पर स्नान, पूजन और अर्चन का सिलसिला प्रारंभ हो गया, जो पूर्वाह्न तक निरंतर चलता रहा। वैशाख कृष्ण पक्ष की अमावस्या, रेवती नक्षत्र और शुक्रवार, 17 अप्रैल 26 के इस पुण्य अवसर पर मध्य प्रदेश के बैतूल, सीहोर, शाजापुर सहित महाराष्ट्र के नागपुर, नासिक और जलगांव से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचे। ग्रीष्म ऋतु की तपिश को देखते



हुए अधिकांश भक्तों ने प्रातःकाल में ही स्नान-ध्यान कर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए। रामघाट पर विशेष रूप से सीहोर से आए श्रद्धालुओं द्वारा विधिवत पूजन, हवन और आरती का आयोजन किया गया। इसके पश्चात भोग-प्रसाद अर्पित कर भक्तों ने सामूहिक रूप से पारंपरिक व्यंजन दाल-बाफले का प्रसाद ग्रहण किया। भक्ति और उत्साह के इस वातावरण में श्रद्धालु पंगत में बैठकर भोजन करते हुए आपसी सद्भाव और संस्कृति की झलक प्रस्तुत कर रहे थे। स्नान-पूजन के उपरांत दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने अपने परिजनों के साथ अमरकंटक के विभिन्न धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों का भी भ्रमण किया, जिससे पूरे क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन की विशेष चहल-पहल बनी रही। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सतुवाई अमावस्या का विशेष महत्व है। इस दिन 'सत्तू' का दान पुण्यदायी माना जाता है, जो ग्रीष्म ऋतु में शरीर को शीतलता प्रदान करता है। प्राचीन परंपराओं में इसे न केवल स्वास्थ्यवर्धक, बल्कि धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टि से भी अत्यंत फलदायी बताया गया है। इस प्रकार अमरकंटक में सतुवाई अमावस्या का पर्व आस्था,परंपरा और आध्यात्मिक ऊर्जा के अद्भुत संगम के रूप में संपन्न हुआ, जिसने हर श्रद्धालु के मन में श्रद्धा और संतोष की अनुभूति भर दी।

# शासकीय मॉडल विद्यालय जैतहरी में विद्यार्थियों ने ली जल संरक्षण की शपथ

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी के निर्देशन में जिले के समस्त शिक्षण संस्थानों में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतहरी में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकों और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखने और पानी की एक-एक बूंद बचाने की शपथ ली। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को जल संकट के प्रति सचेत करना और उन्हें अपने आसपास के नदी, तालाबों और कुओं के संरक्षण के लिए प्रेरित करना है।



# एमपी ई-सेवा पोर्टल पर उपलब्ध हुई नागरिक सेवाएं, मोबाइल एप से भी मिलेगी सुविधा

**-कलेक्टर हर्षल पंचोली ने की जिलेवासियों से अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील**

**(ब्यूरो राजेश शिवहरे)**
**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा नागरिकों को त्वरित, पारदर्शी एवं सुगम शासकीय सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'एमपी ई-सेवा पोर्टल' एवं इसके मोबाइल एप का व्यापक विस्तार किया गया है। इस डिजिटल पहल के माध्यम से अब विभिन्न विभागों की नागरिक केंद्रित सेवाएं एक ही ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हो गई हैं। राज्य शासन द्वारा विकसित www.eseva.mp.gov.in पोर्टल एवं मोबाइल एप (गूगल प्ले स्टोर एवं एप स्टोर पर उपलब्ध) के माध्यम से नागरिकों को अनेक सेवाओं का लाभ सरलता से प्राप्त हो रहा है। इनमें प्रमुख



रूप से आय, जाति एवं मूल निवासी प्रमाण-पत्र, विभिन्न व्यावसायिक लाइसेंस, भूमि रिकॉर्ड, कृषि एवं ग्रामीण विकास सेवाएं, पेंशन एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, महिला सशक्तिकरण एवं रोजगार संबंधी सेवाएं सहित शिक्षा, स्वास्थ्य, ऊर्जा (बिजली), परिवहन और शहरी विकास आदि सेवाएं शामिल हैं। पोर्टल की विशेषताओं में पात्रता की ऑनलाइन जांच, आवेदन की रियल टाइम ट्रैकिंग, समग्र आईडी के माध्यम से प्रोफाइल ऑटो-फिल सुविधा, डिजिटल प्रमाण-पत्र डाउनलोड, सिंगल साइन ऑन (स्स्ह्र) तथा सुरक्षित ऑनलाइन भुगतान प्रणाली जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इससे नागरिकों को अब बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं होगी।

कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे इस डिजिटल सुविधा का अधिकाधिक लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि शासकीय सेवाओं के लिए ऑनलाइन माध्यम का उपयोग करने से न केवल समय की बचत होगी, बल्कि संसाधनों का भी सदुपयोग सुनिश्चित होगा।

# बीआरसी के निरीक्षण में अनेक विद्यालय बंद मिले, कुछ विद्यालयों में नहीं थे विद्यार्थी

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना/जौरा।** विकासखंड जौरा में बीआरसी राजीव सिंह जादौन द्वारा प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों का निरीक्षण 17 अप्रैल 2024 को किया गया इसमें कुछ स्कूल तो बिल्कुल बंद पाए गए और कुछ स्कूलों में छात्र संख्या शून्य पाई गई। शासकीय प्राथमिक विद्यालय गुर्जा का पुरा पूर्ण रूप से बंद पाया गया इसके बाद शासकीय माध्यमिक विद्यालय रूनीपुर में कोई भी छात्र नहीं पाया गया केवल एक शिक्षक उपस्थित पाया गया। शासकीय प्राथमिक विद्यालय रूनीपुर बंद पाया गया। शासकीय माध्यमिक विद्यालय बघोंरा कलां बंद पाया गया कोई भी छात्रों शिक्षक उपस्थित नहीं पाया गया। शासकीय प्राथमिक विद्यालय भोलूपुरा में कोई भी छात्र नहीं पाया गया एक शिक्षक हस्ताक्षर करके गायब पाए गए। शासकीय माध्यमिक विद्यालय सांकरा में कोई भी छात्र नहीं पाया गया तीन शिक्षक अनुपस्थित पाए गए जिनमें से एक शिक्षक बी ई ओ कार्यालय में उपस्थित बताई गई। शासकीय माध्यमिक विद्यालय



मानपुर बल्ला बंद पाया गया तथा शासकीय प्राथमिक विद्यालय मानपुर बल्ला बंद पाया गया। किसी भी विद्यालय में कलेक्टर द्वारा निर्देशित पालकों से संपर्क पंजी संधारित नहीं पाई गई है इस नवीन सत्र में शिक्षकों द्वारा पालकों से फोन पर संपर्क की कोई भी जानकारी नहीं पाई गई।कलेक्टर के आदेश की भी यह अवहेलना कर रहे हैं।सबसे खराब स्थिति एकीकृत माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 3 में पाई गई जिसमें 10 शिक्षक पदस्थ होते हुए भी लगभग 500 छात्रों में से मात्र 16 छात्रों उपस्थित पाए गए जबकि इनमें छात्रावास के छात्र भी उपस्थित है विद्यालय में कलेक्टर द्वारा पालकों से संपर्क करने के रजिस्टर का रिकॉर्ड अद्यतन नहीं पाया गया। क्रमांक 3 की शिक्षकों पर प्रधानाध्यापक और छात्रावास वार्डन दोनों का एक साथ प्रभार है इसीलिए उनके द्वारा विद्यालय पर और ना ही छात्रावास पर ध्यान दिया जा रहा है दो शिक्षक हस्ताक्षर करके गायब पाए गए। मध्यान भोजन में सैकड़ो छात्रों की उपस्थिति दर्ज की जा रही है किंतु भौतिक रूप से छात्रों की उपस्थिति लगभग नगण्य है। इस विद्यालय द्वारा पूर्व में भी फर्जी तरीके से वित्तीय गड़बड़ी की शिकायत आई गई है जिसमें बालिकाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण के नाम पर राशि के दुरुपयोग की जांच प्रचलन में है। इन सभी विद्यालयों के शिक्षकों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालय को भेजे जा रहे हैं। इन विद्यालयों से संबंधित जन शिक्षकों के विरुद्ध भी कार्यवाही का प्रस्ताव भेजा जा रहा है। क्योंकि इनके द्वारा कभी भी विद्यालयों के बंद होने या छात्र उपस्थिति कम होने की सूचना बीआरसी कार्यालय को नहीं भेजी गई है।इन सभी विद्यालयों के संस्था प्रधानों को यह भी निर्देश दिया जा रहा है। कलेक्टर द्वारा दिए गए सभी आदेशों का पालन सुनिश्चित कराएं अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहें।

# राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 26 अप्रैल को दो पालियों में आयोजित होगी

## परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए जिला कंट्रोल रूम स्थापित

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** परीक्षा नियंत्रक, मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इन्दौर के निर्देशानुसार राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 दिनांक 26 अप्रैल 2026 (रविवार) को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा दोपहर 02:15 बजे से 04:15 बजे तक जिला मुख्यालय पर 08 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा के सुचारु एवं निर्विघ्न संचालन हेतु 26 अप्रैल 2026 को प्रातः 08 बजे से परीक्षा केन्द्रों पर गोपनीय सामग्री पहुंचाने एवं वापिस जिला कोषालय, मुरैना में जमा कराए जाने तक के लिए कार्यालय अधीक्षक, कलेक्ट्रेट मुरैना (कक्ष क्रमांक-105) को अस्थायी कंट्रोल रूम घोषित किया गया है। जिला कार्यालय मुरैना के नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 98266-29397 रहेगा।

जिला नियंत्रण कक्ष में स्थापित दूरभाष पर प्राप्त होने वाले संदेशों का विधिवत अभिलेखन किया जाएगा तथा संबंधितों को दूरभाष के माध्यम से तत्काल अवगत कराया जाएगा। जिला कोषालय, मुरैना से गोपनीय सामग्री को परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचाने एवं पुनः जमा कराने संबंधी जानकारी तथा परीक्षार्थियों की केन्द्रवार उपस्थिति दोनों प्रश्नपत्रों हेतु पृथक-पृथक संकलित कर नोडल अधिकारी अरविन्द सिंह माहौर से प्रमाणित कराई जाएगी। उक्त जानकारी मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इन्दौर एवं जनसंपर्क कार्यालय, मुरैना को समय-सीमा 04:30 बजे तक प्रेषित किया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। इसकी एक प्रति एस.सी.-2 शाखा में भी उपलब्ध कराई जाएगी। जिला कार्यालय मुरैना के नियंत्रण कक्ष कक्ष क्रमांक-105 (अधीक्षक कक्ष) के प्रभारी के रूप में अधीक्षक, कलेक्ट्रेट मुरैना आदिराम कोरकू को अधिकृत किया गया है। इनके सहयोग हेतु सहायक ग्रेड-3, एस.सी.-1 शाखा, कलेक्ट्रेट मुरैना श्रीमती मीरा तौमर, प्राथमिक शिक्षक (वर्तमान पदस्थापन जावक शाखा, कलेक्ट्रेट मुरैना) राहुल शर्मा तथा चतुर्थ श्रेणी कार्य के लिए भृत्य कलेक्ट्रेट मुरैना आत्मदास अपोरिया की ड्यूटी निर्धारित की गई है।

## राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा संपन्न कराने के लिए सेवानिवृत्त आईएएस भगत सिंह कुलेश होंगे पर्यवेक्षक लाइजनिंग ऑफीसर आबकारी अधिकारी नियुक्त

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 सम्पन्न कराए जाने के लिए मुरैना जिले में सेवानिवृत्त आईएएस भगत सिंह कुलेश को संभागीय पर्यवेक्षक लोकसेवा आयोग द्वारा नियुक्त किया गया है। पर्यवेक्षक कुलेश 24 अप्रैल को मुरैना आयेंगे। वे 26 अप्रैल तक जिले के प्रवास पर रहेंगे। पर्यवेक्षक के साथ लाइजनिंग ऑफीसर आबकारी अधिकारी जितेन्द्र सिंह गुर्जर होंगे। इनका मोबाइल नंबर 9425113812 और 6260038095 पर संपर्क कर सकेंगे।

# संग्रहालय से पुरानी कलेक्ट्रेट तक दुकानों के बाहर लगे टीनशेड हटाए

### -डिप्टी कलेक्टर के नेतृत्व में एमएस रोड पर चलाया अभियान

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** शहर की एमएस रोड पर शुक्रवार की शाम संग्रहालय से लेकर पुरानी कलेक्ट्रेट तक सड़क के दोनों ओर स्थित दुकानों के बाहर लगे टीनशेड सहित अन्य अतिक्रमणों को हटाया गया। अपरान्ह 3 बजे शुरू हुआ अभियान शाम 7 बजे तक चला। इस दौरान सड़कों पर सामान रखने वाले दुकानदारों के विरुद्ध जुर्माने की कार्रवाई भी की गई।

डिप्टी कलेक्टर उमेश अवस्थी और तहसीलदार ज्योति लाक्षाकार के नेतृत्व में नगर निगम का मदाखलत दस्ता शुक्रवार की दोपहर करीब 3 बजे एमएस रोड पर संग्रहालय के पास पहुंचा। यहां से टीम ने दुकानों के बाहर लगे टीनशेड को जेसीबी मशीन की मदद से हटाने की कार्रवाई शुरू की। जिसके बाद टीम एमएस रोड पर कार्रवाई करते हुए जिला अस्पताल के सामने से होकर पुरानी कलेक्ट्रेट पहुंचीं। यहां कार्रवाई के दौरान कुछ दुकानदारों ने विरोध करते हुए बरसों से इसी प्रकार दुकानों का संचालन होने की बात कही, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों ने उन्हें निर्देश दिए कि वे अपना सामान सड़क पर न रखें। अभियान के दौरान डेढ़ सैकड़ा से अधिक दुकानदारों के अतिक्रमण हटाए गए।

# पगारा के जंगलों में तेंदुआ, वन विभाग की टीम पहुंची जंगल में

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना/जौरा।** क्षेत्र के पगारा के जंगलों में तेंदुआ या चीता दिखने की खबरों के बीच वन विभाग की टीम जंगल में पहुंची। पिछले दो दिनों से पगार एवं केमरी के जंगलों के बीच ग्रामीणों द्वारा तेंदुआ या चीता जैसा जानवर देखा गया, जिससे ग्रामीणों में दहशत का भी माहौल था। ग्रामीणों द्वारा जिसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को भी दी गई। 17 अप्रैल को जौरा वन परिक्षेत्र के रेंजर रामजीलाल भारती, डिप्टी रेंजर विनोद कुमार उपाध्याय, सोनू देवकीनंदन शर्मा,





राघवेंद्र शर्मा, रमेश शर्मा, सुनील त्यागी आदि टीम को लेकर पगारा सर्चिंग अभियान भी चलाया। इस दौरान उन्हें जंगल में तेंदुआ नजर आया। वन विभाग के अधिकारियों द्वारा पुष्टि की गई कि पगारा एवं केमरी के जंगलों के बीच अक्सर तेंदुआ विचरण करते रहते हैं। इनकी संख्या दो या तीन भी हो सकती है। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों को यह भी समझाते हुए सतर्क किया है कि रात में नहीं निकले। उनका यह भी कहना है कि क्षेत्र में पिछले लगभग 6 माह से पगारा के जंगलों में तेंदुआ घूम रहे हैं।

# आगरा से ओरछा जा रहे युवक की ट्रेन से गिरकर मौत

**मुरैना।** नूराबाद पुलिस द्वारा गुरूवार को सांक-करूआ के बीच रेलवे ट्रेक से बरामद हुए शव की पहचान शुक्रवार को हो गई। मृतक मुनेश यादव 32 पुत्र नेत्रपाल यादव निवासी नगला कटील जिला एटा उत्तरप्रदेश आगरा से ट्रेन में सवार होकर ओरछा जा रहा था। इसी दौरान नूराबाद क्षेत्र में सांक-करूआ स्टेशनों के बीच चलती हुई ट्रेन से नीचे गिर गया था। जीआरपी के जवानों ने रेलवे ट्रेक से उसका शव बरामद किया था। मृतक की पहचान होने के बाद पुलिस की सूचना पर शुक्रवार को परिजन मुरैना पहुंच गए थे। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने परिजन को सौंप दिया है। मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

# सड़क किनारे काट रहा था नीलगाय, गौसेवकों ने पकड़ा

### -आरोपी नाबालिग, वन विभाग ने दर्ज किया मामला

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** गुरूवार की रात को सड़क किनारे नीलगाय का शिकार करने के बाद उसे काटकर बोरे में भर रहे एक नाबालिग को सड़क से गुजर रहे गौसेवकों ने पकड़ लिया। जिसे बाद में वनविभाग के सुपुर्द कर दिया गया। वनविभाग की टीम ने मौके से नीलगाय का मांस जब्त कर आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। नाबालिग आरोपी को बाल सुरक्षा गृह भेजा गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक पलपुरा बसई गांव के गौसेवक विजय परमार, श्याम परमार अपने दो अन्य साथियों के साथ बाइक पर सवार होकर रात करीब 11 बजे गांव से मुरैना की ओर आ रहे थे। इसी दौरान उन्होंने सड़क किनारे एक व्यक्ति को बाइक की हैडलाईट को देखकर झाड़ियों में छुपते हुए देखा। गौसेवक मौके पर पहुंचें तो वहां नीलगाय का क्षत-विक्षत शव और कटा-पिटे मांस के टुकड़े पड़े हुए मिले। उन्होंने झाड़ियों में छुपे एक नाबालिग को पकड़ लिया। जिसके बाद पुलिस और वनविभाग को सूचना देकर मौके पर बुलाया। पकड़ा गया नाबालिग मथुरा यूपी का रहने वाला था। जिसे वनविभाग के सुपुर्द कर दिया गया। वनविभाग ने वन्य प्राणी अधिनियम की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर आरोपी को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया, जहां से उसे बाल सुरक्षा गृह भेज दिया गया है।

# शनि और मंगल ग्रह की युति से युद्ध और हिंसा बढ़ोतरी की आशंका: डॉ. जैन

## -भूकंप आने से जन धन हानि की संभावना

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** शनि और मंगल ग्रह की युति से विश्व में हिंसा और युद्ध की संभावना बलबती दिखाई दे रही है। साथ ही भूकंप आदि से जन धन की आशंका है।





वरिष्ठ ज्योतिषाचार्य डॉ. हुकुमचंद जैन ने बताया शनि ग्रह 17 अप्रैल को 13:59 बजे मीन राशि में उदय, मंगल 18 अप्रैल को मीन राशि में रात्रि 01:52 बजे उदय होंगे। शनि एवं मंगल दोनों ग्रह की 20 अप्रैल से युति ये दोनों मिलकर युद्ध, हिंसा, उपद्रव को पृथ्वी पर भड़काएंगे । चारों तरफ आग के गोले, धुआं से पृथ्वी थर्राएगी, कहीं कहीं भूकंप से भी हानि के योग है जैन ने भविष्यवाणी करते हुए कहा कि मंगल शनि की युति के साथ ही लगातार तीन राशियों में सभी पाप ओर क्रूर ग्रह चलेंगे । कुंभ राशि में राहु है, मीन राशि में मंगल एवं शनि ,चंद्रमा रहेंगे, मेष राशि में सूर्य एवं शुक्र रहेंगे । मंगल एवं शनि का मीन राशि में युति का गुरु से केंद्र योग सूर्य और राहु से द्विर्द्वादश योग रहने से 18 अप्रैल से 15 मई 2026 तक का समय इजराइल- अमेरिका, ईरान के लिए और उनके राष्ट्राध्यक्ष के लिए घातक है। अन्य देश भी इसकी चपेट में रहेंगे। महंगाई बढ़ेगी, तेल, पेट्रोल, गैस नष्ट होने से महंगाई का जन जीवन पर व्यापक असर पड़ेगा। भूमंडल पर युद्ध, भूकंप, सुनामी, हिंसा, उपद्रव से जन - धन हानि से आम जनता दुःखी और पीड़ित रहेगी।

# अंबेडकर पार्क की दीवार पर लिखे अशोभनीय शब्द, पुलिस ने मामला दर्ज किया

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** 5वीं बटालियन क्षेत्र में स्थित अंबेडकर पार्क में गुरूवार की रात को असामाजिक तत्वों ने तोड़फोड़ करने का प्रयास किया। उनके द्वारा पार्क के बैनर को फाड़ डाला और पार्क की बाउण्ड्रीवॉल पर अशोभनीय शब्द लिख दिए। शुक्रवार की सुबह जब पार्क पहुंचें लोगों ने देखा तो वे आक्रोशित हो उठे। सूचना मिलने के बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने अज्ञात लोगो के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली है।

मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की सुबह अंबेडकर पार्क में मॉर्निंग वॉक करने पहुंचें लोगों को पार्क के नाम वाला बैनर फटा हुआ मिला। तो वहीं पार्क की बाउण्ड्रीवॉल पर लिखे जय भीम को मिटाकर वहां बाबा साहब को लेकर अशोभनीय शब्द लिखे हुए दिखे। इस बात की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में बाबा साहब के अनुयायी वहां एकत्रित हो गए। तब तक सूचना पाकर कोतवाली पुलिस भी वहां पहुंच गई थी। पुलिस ने दीवार पर लिखे शब्दों को मिटाया। सिटी कोतवाली पुलिस ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मिशन परिवार विकास पखवाड़े के तहत सारथी रथ जन जागरूकता रैली निकाली

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** मिशन परिवार विकास पखवाड़े के तहत सारथी रथ जन जागरूकता रैली एवं कार्यशाला आदि गतिविधियों का आयोजित की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पदमेश उपाध्याय के मार्गदर्शन में सारथी रथ एवं रैली को जिला परिवार कल्याण अधिकारी डॉ. एसके कारखुर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



जन जागरूकता रैली जिला चिकित्सालय से होती हुयी शहर के प्रमुख स्थानों पर निकाली गई। रैली एवं सारथी रथ फ्लेक्स बैनर से सुसज्जित कर आम नागरिकों को टेम्पलेट्स वितरण कर परिवार नियोजन सेवाएं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर डीएचओ डॉ. संध्या मोर्य, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक एसपी श्रीवास्तव, मीडिया ऑफीसर श्रीमती बसंती बाजौरिया, डिप्टी मीडिया ऑफीसर श्रीमती शिव कुमारी निम, एपीएम अशोक भगोरिया, एमएच कॉर्डिनेटर श्रीमती रिजवान खान, शहरी सुपरवाइजर एवं आशा, एएनएम प्रशिक्षणार्थी सहित सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थिति रहे।

# गौ सेवा को लेकर कल होगा कार्यशाला का आयोजन

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** गौ सेवा को लेकर 19 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से नारायणी ऑर्गेनिक फार्म हाउस ग्राम सिहौरी में कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में वेदपाल झा प्रचारक प्रांत गौ सेवा संयोजक केन्द्र में गौ सेवा सह संयोजक टोली मौजूद रहेंगे। इनके अलावा डॉ. मधुसूदन प्रांत गौ सेवा सह संयोजक, देवेन्द्र सेंगर, विभाग संयोजक गौ सेवा, मनोज शर्मा जिला संयोजक गौ सेवा उपस्थित रहेंगे। ओ.डी. शर्मा व देवेन्द्र सिंह सिकरवार ने सभी गौ भक्तों से कार्यक्रम में उपस्थित रहने की अपील की है।

# जनगणना : गलत जानकारी दी तो 1000 जुर्माना

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** प्रदेश सरकार ने प्रदेश में गुरुवार से शुरू हुई जनगणना-2027 को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसमें आम लोगों और जनगणना ड्यूटी में लगे कर्मियों दोनों के लिए गाइडलाइन दी गई है। इसमें साफ है कि जनगणना के दौरान दी गई निजी जानकारियां गोपनीय रहेंगी। इसे किसी भी सिविल या क्रिमिनल कोर्ट में साक्ष्य के तौर पर पेश नहीं किया जा सकेगा। प्रगणक और पर्यवेक्षकों के लिए पहचान पत्र और नियुक्ति पत्र साथ लेकर जाना अनिवार्य होगा।

जनगणना के दौरान गलत जानकारी, देना, सवाल का जवाब न देना। घर में या कॉलोनी परिसर में प्रवेश न करने देना, घर पर लिखे गए नंबर या चिह्नों को मिटाना, जनगणना कार्यालय में अनाधिकृत प्रवेश करना शामिल है।

**ये 5 काम किए तो लग सकती है हजार रुपए पेनाल्टी**

**इन तीन परिस्थितियों में हो सकती है 3 साल तक की जेल**

ड्यूटी से इनकार, जनगणना ड्यूटी में लगा कोई कर्मी यदि सौंपी गई जिम्मेदारी को निभाने से इंकार करता है, काम में बाधा डालना, यदि कोई जनगणना से जुड़े कानूनी कर्तव्य पालन से रोकता है या बाधा पैदा करता है। नियमों की उपेक्षा करता है तो 3 साल तक की जेल भी हो सकती है। जनगणना के लिए जिम्मेदार कोई व्यक्ति नियमों के पालन में तत्परता नहीं बरतता या उपेक्षा करता है। सांस्कृतिक परंपराओं में छूट मिलेगी। जानकारी देने में कुछ छूट भी है। यदि किसी परिवार की परंपरा में महिला सदस्य या पति का नाम लेना वर्जित है, तो उन्हें नाम बताने के लिए मजबूर नहीं किया जाएगा।


**Presiding Officer: हितेंद्र द्विवेदी**

**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)**

(RCS HM/0000082/2026)

**नीरज कुमार......................वादी**

Vs

**श्रीमती सुमन शाक्य..........................प्रतिवादी**

process Id-/2026

**पेशी दिनांकः- 15/05/2026**

प्रेषिती-

(1) श्रीमती सुमन शाक्य पत्नी नीरज कुमार शाक्य पुत्री मनीराम शाक्य
पता- रुनीपुर रोड जौरा जिला मुरैना म.प्र.

यह कि प्रार्थी नीरज कुमार शाक्य पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण शाक्य ने आपके विरुद्ध वादपत्र धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करायें।

यह आज तारीख 16 अप्रैल 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**न्यायालय की मुद्रा** | **न्यायाधीश**

टिप्पणीः- विवाह विच्छेद हेतु | **फेमिली कोर्ट मुरैना**

**कृपया ध्यान दें:-**

यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।



# कार्यालय नगर पालिक निगम मुरैना (म.प्र.)

क्रमांक/राजस्व/2026/261 | **//नामांतरण विज्ञप्ति (उज्जदारी)//** | मुरैना, दिनांकः- 15.04.2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि म.प्र. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 धारा 167 के तहत निम्नांकित भूमि/भवन स्वामियों द्वारा सम्पत्तिकर पंजी में नामांतरण हेतु आवेदन विधिवत शुल्क जमा कर इस कार्यालय में निम्नानुसार प्रस्तुत किये गये हैं:-

| क्र. | वार्ड/भवन क्रमांक | भवन/भूमि का पता | भूमि/भवन क्रेता/ अन्तरणगृहीता स्वामी का नाम | भूमि/भवन विक्रेता/ अन्तरणकर्ता का नाम | नामांतरण /अन्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड 22 | कामदगिरी कॉम्पलेक्स फ्लेट नं. बी-07 | श्री शुभेन्दु वर्मा पुत्र स्व. श्री ओमप्रकाश वर्मा | स्व. श्रीमती ऊषा वर्मा पत्नी स्व. श्री ओमप्रकाश वर्मा | विक्रय पत्र/सजरा शपथ पत्र/ सहमति शपथ पत्र |

अतः उपरोक्त भूमि/भवन पर नामांतरण किए जाने में किसी भी खास/परिवारीजन/आम व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के अंदर 15 दिवस इस कार्यालय में अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा नामांतरण प्रकरण में कार्यवाही कर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा तथा नियत अवधि उपरांत कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हों।

**राजस्व प्रभारी**
**नगर पालिक निगम, मुरैना**



# कार्यालय नगर पालिक निगम मुरैना (म.प्र.)

क्रमांक/राजस्व/2026 | **//नामांतरण विज्ञप्ति (उज्जदारी)//** | मुरैना, दिनांकः- 17.04.2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि म.प्र. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 धारा 167 के तहत भूमि/भवन स्वामियों द्वारा सम्पत्ति कर पंजी में नामांतरण हेतु आवेदन विधिवत शुल्क जमा कर इस कार्यालय में निम्नानुसार प्रस्तुत किये गये हैं:-

| क्र. | भूमि/भवन एवं वार्ड क्रमांक | भूमि/भवन क्रेता/ अन्तरणगृहीता स्वामी का नाम | भूमि/भवन विक्रेता/ अन्तरणकर्ता | नामांतरण /अन्तरण का आधार एवं क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2/38, पुराना वार्ड 32 का अंशभाग एम.एस. रोड सरोज लॉज मुरैना | मुकेश सिंह सिकरवार पुत्र राय सिंह सिकरवार निवासी- एम.एस. रोड सरोज लॉज मुरैना | रामबाबू गुप्ता पुत्र स्व. श्री लक्ष्मीनारायण गुप्ता | विक्रय पत्र, पटवारी खसरा |
| 2 | 2/38, पुराना वार्ड 32 का अंशभाग एम.एस. रोड सरोज लॉज मुरैना | सुधीर सिंह तोमर पुत्र नाथू सिंह तोमर जितेन्द्र कुमार वर्मा पुत्र ओमप्रकाश वर्मा निवासी- एम.एस. रोड सरोज लॉज मुरैना | रामबाबू गुप्ता पुत्र स्व. श्री लक्ष्मीनारायण गुप्ता | विक्रय पत्र, पटवारी खसरा |
| 3 | 119/32, वार्ड पुराना 26 का अंशभाग कब्रिस्तान रोड गणेशपुरा मुरैना | नीरज गुप्ता पुत्र स्व. श्री भगवान दास गुप्ता निवासी- कब्रिस्तान रोड गणेशपुरा मुरैना | स्व. श्रीमती रामप्यारी पत्नी स्व. श्री भगवान दास गुप्ता | मृत्यु प्रमाण पत्र, रजिस्टर्ड विभाजन पत्र |

अतः उपरोक्त भूमि/भवन पर नामांतरण किए जाने में किसी भी खास/परिवारीजन/आम व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के अंदर 15 दिवस इस कार्यालय में अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा नामांतरण प्रकरण में कार्यवाही कर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। सूचित हों।

**राजस्व प्रभारी**
**नगर पालिक निगम, मुरैना**

# ऊर्जा मंत्री ने कहा- राजमाता विजयराजे सिंधिया टर्मिनल से बढ़ेगी कनेक्टिविटी और विकास की रफ्तार

## ग्वालियर से दिल्ली और बेंगलुरु के लिए अकासा एयरलाइंस की नई उड़ानें जल्द शुरू

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**ग्वालियर।** शहर के नागरिकों के लिए एक बड़ी सौगात के रूप में ग्वालियर स्थित राजमाता विजयराजे सिंधिया टर्मिनल से जल्द ही अकासा एयरलाइंस की नई उड़ान सेवाएं शुरू होने जा रही हैं। यह पहल ग्वालियर को देश के प्रमुख महानगरों-दिल्ली और बेंगलुरु से सीधे जोड़ते हुए क्षेत्रीय विकास को नई गति देगी। यह बात शुक्रवार को ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने मीडिया के साथ बातचीत के दौरान कही।



उन्होंने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में तथा केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के निरंतर प्रयासों का परिणाम है कि अकासा एयर द्वारा ग्वालियर-दिल्ली-बेंगलुरु तथा बेंगलुरु-दिल्ली-ग्वालियर रूट पर उड़ान सेवाएं प्रारंभ की जा रही हैं। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि मुझे यह बताते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि हमारे ग्वालियर सहित पूरे चंबल क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को समर्पित केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ग्वालियर की जनता की लिए एक और बड़ी सौगात दी है। वर्तमान में ग्वालियर हवाई अड्डे से इंडिगो की उड़ानें हफ्ते में 3 दिन यानि मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को होती हैं, लेकिन अब हमारी ग्वालियर-चम्बल की जनता को सप्ताह के 6 दिन उड़ानों की सुविधा मिलेगी-अकासा एयर की प्रस्तावित उड़ानें सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को होंगी।इससे सिर्फ ग्वालियर ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र की कनेक्टिविटी सुदृढ़ होगी, दिल्ली के लिए फ्लाइट्स बहेंगी और बेंगलुरू जाने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि ग्वालियर मध्य प्रदेश का पर्यट्न हब है, यहां प्रतिदिन पर्यटक संख्या बढ़ रही है और अब उड़ानों की संख्या में हुई वृद्धि से ग्वालियर की विरासत और धरोहर को देखने आने वाले पर्यटकों को भी सुविधा मिलेगी। सिंधिया जी यह सौगात ग्वालियर के लिए चौतरफा विकास लेकर आई है। उन्होंने कहा कि हमारे ग्वालियर के उद्योगपतियों, शिक्षाविदों, पर्यटकों सहित हर क्षेत्र के लोगों को इससे बड़ा लाभ मिलेगा। केन्द्रीय मंत्री श्रीमंत सिंधिया लगातार अकासा एयरलाइंस को यहां लाने के प्रयास कर रहे थे और इसके लिए उन्होंने एयरलाइन के अधिकारियों से कई राउंड बैठकें की, अंततः उनकी मेहनत रंग लाई और आज ग्वालियर को यह सौगात मिली है। अब बेंगलुरू जैसे प्रमुख आईटी और स्टार्टअप हब का ग्वालियर से सीधा जुड़ना। उन्होंने कहा कि 'भारत के दिल' को देश की नवाचार राजधानी से जोड़ने वाला ऐतिहासिक कदम है, जिसका श्रेय माननीय केन्द्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी के सतत प्रयासों को जाता है। उन्होंने कहा कि यह नई उड़ान सेवा ग्वालियर को उत्तर और दक्षिण भारत के बीच एक महत्वपूर्ण कनेक्टिविटी ब्रिज के रूप में स्थापित करेगी, जिससे क्षेत्र की रणनीतिक और आर्थिक महत्ता और बढ़ेगी। उड़ानों की संख्या में वृद्धि से ग्वालियर में वीकेंड टूरिज्म को विशेष बढ़ावा मिलेगा, जिससे ग्वालियर पर्यटन मानचित्र पर और सशक्त रूप से उभरेगा। बेहतर कनेक्टिविटी से होटल, ट्रैवल, गाइड और स्थानीय हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे। साथ ही ग्वालियर का तेजी से उभरता हुआ शैक्षणिक केंद्र होने के नाते, यह सुविधा छात्रों और शिक्षाविदों के लिए देश के अन्य प्रमुख शहरों से जुड़ाव को आसान बनाएगी।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि उद्योग और व्यापार के दृष्टिकोण से, यह नई उडान सेवा निवेशकों के लिए ग्वालियर को एक आकर्षक गंतव्य के रूप में स्थापित करेगी। दिल्ली के साथ बढ़ती हुई फ्लाइट कनेक्टिविटी से प्रशासनिक, व्यावसायिक और व्यक्तिगत यात्रा और अधिक सहज एवं त्वरित हो जाएगी। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि ग्वालियर-चंबल क्षेत्र के नागरिकों को अब बड़े शहरों के लिए बार-बार यात्रा करने में समय और संसाधनों की बचत होगी। यह पहल ग्वालियर को रीजनल कनेक्टिविटी हब के रूप में विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उन्होंने कहा कि सिंधिया जी के दूरदर्शी नेतृत्व में ग्वालियर अब केवल ऐतिहासिक पहचान तक सीमित नहीं, बल्कि आधुनिक विकास और कनेक्टिविटी का प्रतीक बनता जा रहा है।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि मैं अंत मैं आपको यह भी याद दिलाना चाहता हूं कि ग्वालियर के राजमाता विजयाराजे सिंधिया टर्मिनल का आधुनिक रूप जो आप हम सबके सामने हैं, जो ग्वालियर की एक विशिष्ट पहचान बना है, जिसने ग्वालियर को देश के हवाई मानचित्र पर एक विशेष स्थान दिया है वह श्रीमंत सिंधिया जी ने ही अपने नागरिक उड्डयन मंत्री के कार्यकाल में पूरा करवाया था। पहले एयरपोर्ट की ये बड़ी सौगात और अब लगातार उड़ानें सिंधिया जी के इन संकल्पों की सिद्धी से ग्वालियर क्षेत्र में निवेश, पर्यटन और रोजगार के त्रिस्तरीय बिकास को गति मिलेगीं। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय संतुलित विकास के दृष्टिकोण से, यह कनेक्टिविटी ग्वालियर-चंबल अंचल को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सहायक सिद्ध होगी और इसके लिए मैं केन्द्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी का बारम्बार धन्यवाद व्यक्त करता हूं।

# खाद-बीज विक्रय करने वाली संस्थाओं की जांच की जाए, लापरवाही बर्दाश्त नहीं: कुशवाह

## निम्न गुणवत्ता का बीज उपलब्ध कराने वाली हैदराबाद की कंपनी को किया प्रतिबंधित, -कंपनी के विरूद्ध अपराधिक प्रकरण हुआ दर्ज

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**भोपाल।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने विशेष अभियान चलाकर प्रदेश में खाद-बीज विक्रय करने वाले संस्थाओं और दुकानों की जांच करने के निर्देश दिये है। उन्होंने बताया कि धार और खरगौन जिले में किसानों को करेला (सब्जी) का निम्न गुणवत्ता का बीज प्रदाय करने से किसानों की फसल को काफी नुकसान हुआ है। कंपनी के परिणामस्वरूप निम्न गुणवत्ता का बीज उपलब्ध कराने वाली कंपनी नुन्हेम्स इंडिया प्रायवेट लिमिटेड हैदराबाद (तेलंगाना) को प्रतिबंधित कर कंपनी के विरूद्ध आपराधिक दर्ज कराया गया है। मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि किसानों को उद्यानिकी फसलों का उत्तम गुणवत्ता का बीज उपलब्ध करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिये है कि सभी जिलों में खाद-बीज विक्रय करने वाली संस्थाओं की जांच अभियान चलाकर की जाये। इसके लिये भोपाल स्थित संचालनालय के वरिष्ठ अधिकारी भी जिलों का भ्रमण कर संस्थाओं का आकस्मिक निरीक्षण करें। मंत्री श्री कुशवाह ने बताया कि तेलगांना राज्य की कंपनी नुन्हेम्स इंडिया प्रा. लि. हैदराबाद द्वारा धार जिले के विकासखंड धरमपुरी, उमरबन, मनावर, डही, कुक्षी एवं निसरपुर तथा खरगौन जिले के महेश्वर, बड़वाह एवं कसरावद विकासखंड के किसानों को करेले की रोबस्टा किस्म की बीज विक्रय किये गये थे। किसानों द्वारा धार जिले में 84 हैक्टेयर तथा खरगौन जिले में 110 हैक्टेयर क्षेत्र में करेले की फसल लगाई गई थी। लेकिन फसल रोपने के 80 से 90 दिन के बाद भी करेले की फसल निम्न गुणवत्ता के साथ पौधो पर आई जो जिसके फल पीले पढ़कर स्वयं ही बेल से टुटकर गिर रहे थे। किसानों की शिकायत पर कलेक्टर धार और खरगौन द्वारा संयुक्त दल गठित कर प्रक्षेत्र की फसलों की जांच कराई गई। जो प्रथम दृष्टया सही पाये जाने पर आवश्यक वस्तु 1955 की धारा 3, बीज अधिनियम 1966, बीज नियंत्रण 1983 के प्रावधानों का उलंघन पाये जाने पर मेसर्स नुन्हेम्स इंडिया प्रा. लि. हैदराबाद (तेलंगाना) द्वारा उत्पादित करेला फसल की निम्न गुणवत्ता की रोबस्टा किस्म को आगामी आदेश तक धार और खरगौन जिले में विक्रय, भंडारण परिवहन को प्रतिबंधित किया गया है। साथ ही धार जिले में कंपनी के विरूद्ध आपराधिक प्रकरण भी दर्ज कराया गया है।



# सीवर लाइनों की सफाई हेतु अभियान का शुभारंभ आज ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर करेंगे

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**ग्वालियर।** जनकल्याण समिति द्वारा नगर निगम ग्वालियर के सहयोग से शनिवार 18 अप्रैल से उप नगर ग्वालियर में सीवर लाइनों की सफाई हेतु अभियान की शुरूवात की जा रही है। यह अभियान प्रथम चरण में 18 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक निरंतर चलेगा। अभियान का औपचारिक शुभारंभ ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर करेंगे।



इस सम्बन्ध में प्रदत्त जानकारी में बताया गया है कि इस अभियान के तहत पहले दिन उप नगर ग्वालियर में कांच मिल रोड से तानसेन नगर स्वर्ण रेखा नाले तक विभिन्न गली, मोहल्लों तथा मुख्य मार्गों की सीवर लाइनों की सफाई की जाएगी। अभियान का शुभारंभ शनिवार 18 अप्रैल को सुबह 8 बजे कांच मिल बड़ा गेट पर आयोजित कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर करेंगे।

## ऊर्जा मंत्री तोमर ने क्षेत्र में भ्रमण कर आमजनों से की चर्चा



**ग्वालियर ।** जनता के बीच पहुँचकर उनकी समस्याओं को सुनने और मौके पर ही समाधान निकालने के अपने चिर-परिचित अंदाज में प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने उपनगर ग्वालियर के वार्ड क्रमांक-7 बृजमोहन तेल मिल वाली गली, इंद्रा नगर, खरगेश्वर मंदिर वाली रोड आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घर-घर जाकर नागरिकों से संवाद किया और क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। ऊर्जा मंत्री तोमर ने क्षेत्र में भ्रमण कर सड़क, सीवर और विद्युत व्यवस्था का निरीक्षण किया। व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा सीवर लाइनों की सफई और चोक हो रही पाइपलाइनों को तत्काल साफकरें। इसके साथ ही सड़कों की पेच रिपेयरिंग का कार्य भी तेजी के साथ किया जाए। ऊर्जा मंत्री तोमर ने इंद्रा नगर में क्षेत्र भ्रमण के दौरान बुजुर्ग माता सावित्री प्रजापति के घर पहुंचे और जमीन पर बैठकर उनकी समस्या सुनी तथा संबंधित अधिकारियों को समस्या के तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। इसके बाद बुजर्ग माता सावित्री प्रजापति से भोजन मांगकर जमीन पर बैठकर भोजन किया। निरीक्षण के दौरान ऊर्जा मंत्री के साथ अपर आयुक्त प्रदीप तोमर, संबंधित क्षेत्र के एसडीएम, नगर निगम के अधिकारी और विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# जीडीए की नई आवासीय योजना शीघ्र आयेगी, तीन हजार प्लॉट उपलब्ध होंगे

## - मुख्यमंत्री की मंशानुरूप बेहतर काम कर रहा जीडीए
## - आर्थिक तंगी दूर होगी, विकास का चक्र तेज होगा

- विनय अग्रवाल-

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश सरकार की आम आदमी के लिये अपना घर की मुहिम को साकार करने के लिये ग्वालियर विकास प्राधिकरण (जीडीए) जल्द ही ग्वालियर में एक बड़ी नई आवासीय योजना ला रहा हैं। यह योजना ग्वालियर में निजी कालोनाइजर्स की मनमानी व धोखाखड़ी से आम आदमी को उसके घर का सपना साकार करने में मील का पत्थर साबित होगी। इस योजना के तहत शुरूआती तौर पर लगभग 2500 से 3 हजार भूखंड बिक्री के लिये जारी किये जा सकते हैं।

मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार आम आदमी को उसके निजी घर का सपना साकार करने के लिये ग्वालियर विकास प्राधिकरण (जीडीए) महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। इसके तहत प्राधिकरण जल्दी ही तीन से चार अन्य नई योजना भी ला रहा हैं। यह योजना अभी प्रारंभिक चरणों में प्रक्रिया में हैं। सबसे पहली योजना प्राधिकरण की टीडीएस 4 आने वाली है। यह योजना शताब्दीपुरम के बाद ग्वालियर विकास प्राधिकरण की दूसरी बड़ी योजना होगी, जिसमें 2500 और 3 हजार के बीच भूखंड आम हितग्राहियों को आवंटित किये जायेंगे।

### नोटिफिकेशन पूरे

टीडीएस 4 योजना ग्वालियर विकास प्राधिकरण की महत्वाकांक्षी योजना है। इसे प्राधिकरण के सीईओ नरोत्तम भार्गव और उनकी टीम ने 15-20 वर्षो से आर्थिक बदहाली से जूझ रहे प्राधिकरण को उबारने के लिये मेहनत कर तैयार किया है। टीडीएस 4 योजना महाराजपुरा विमानतल से शताब्दीपुरम से साडा की ओर 9 किलोमीटर एरिया में बनेगी। योजना के लिये सभी औपचारिकताएं, नोटिफिकेशन आदि पूरे होकर डीपीआर भी बनकर आ गई है, जिसमे जीडीए बोर्ड व शासन से स्वीकृति भी मिल गई हैं।

### किसानों से एग्रीमेंट की तैयारी

बोर्ड व शासन की स्वीकृति के बाद प्राधिकरण राजस्व विभाग के साथ सीमांकन का कार्य शुरू कर किसानों से एग्रीमेंट करेगा, फिर सीमा चिन्ह मुड़िडयां आदि लगाई जायेंगी। इसी एग्रीमेंट प्रक्रिया के साथ टीडीएस 4 स्कीम में सड़क, सीवर, पानी, बिजली के पोल का प्राथमिक कार्य शुरू होगा।

### 11 गांवों की जमीन व 9 किलोमीटर का दायरा

टीडीएस 4 स्कीम में एयरपोर्ट व साडा क्षेत्र के पुरानी छावनी होकर 11 गांवों की जमीन आयेगी। जिसकी रोड लंबाई 9 किलोमीटर होगी और 40 मीटर की फोरलेन रोड से टीडीएस 4 स्कीम जुड़ेगी। इस योजना में लखमीपुर, मऊ, विक्रमपुर, अकबरपुर, खालसा, जमाहर, जलालपुर, मालनपुर, गंगापुर, पुरानी छावनी, खेरियामान व रायरू आदि गांवों की जमीन मिलेंगी।

### जीडीए प्रगति के पथ पर, आर्थिक बदहाली दूर होगी

ग्वालियर विकास प्राधिकरण के सीईओ नरोत्तम भार्गव बहुत समय से इस योजना की तैयारी कर रहे थे। अब इससे जीडीए जल्दी ही आम आदमी के लिये भूखंड बुकिंग भी शुरू करेगा, जिससे प्राधिकरण के आर्थिक हालात सुधरेंगे। अब जीडीए भी देश के अन्य प्रमुख प्राधिकरणों की तरह आम आदमी को भूखंड व भवन उपलब्ध कराने के लिये अधिक तेजी से कार्य कर सकेगा।

# अनेक सुविधाओं की मांग की गई, पूर्व विधायक मंडल की प्रबंधकारिणी बैठक सम्पन्न

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**भोपाल।** पूर्व विधायक मंडल, म.प्र. की प्रबंधकारिणी की बैठक आज विधानसभा परिसर भोपाल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल के अध्यक्ष जसवंत सिंह ने की। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष भगवान सिंह यादव (पूर्व कैबिनेट मंत्री), उपाध्यक्ष अजय सिंह, जोधाराम गुर्जर तथा महामंत्री प्रेमनारायण मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक में पूर्व विधायकों के सम्मान एवं सुविधाओं से संबंधित कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए। प्रमुख प्रस्तावों में मुंबई स्थित ' मध्यलोक' में पूर्व विधायकों को दिल्ली स्थित मध्य प्रदेश भवन के अनुरूप आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने, पूर्व विधायकों की पेंशन एवं भत्तों में वृद्धि करने तथा रेल यात्रा हेतु ए.सी. प्रथम श्रेणी में कूपन सुविधा के माध्यम से अकेले यात्रा की अनुमति प्रदान करने की मांग शामिल रही। इसके अतिरिक्त यह भी प्रस्ताव रखा गया कि मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर द्वारा पूर्व विधायकों का एक सम्मेलन आयोजित किया जाए, जिसमें मुख्यमंत्री को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाए।

बैठक के पश्चात पूर्व विधायकों के प्रतिनिधि मंडल ने विधानसभा सचिवालय के प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा से भेंट कर अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। उन्होंने निवेदन किया कि सभी मांगों पर शीघ्र एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएं। प्रतिनिधि मंडल ने अवर सचिव अमित अवस्थी से भी मुलाकात कर पूर्व विधायकों को रेल यात्रा में ए. सी. प्रथम श्रेणी में स्वयंपूर्ण यात्रा की पात्रता प्रदान करने का आग्रह किया। बैठक में आशा व्यक्त की गई कि राज्य शासन द्वारा पूर्व विधायकों को शीघ्र राहत प्रदान की जाएगी।

# प्रिशा शिवहरे ने सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में प्राप्त किए 95 प्रतिशत अंक

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**ग्वालियर।** गत दिवस सीबीएसई बोर्ड द्वारा कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। घोषित परीक्षा परिणाम में अचलेश्वर बिहार कॉलोनी, तानसेन रोड, ग्वालियर निवासी प्रिशा शिवहरे पुत्री अनिल शिवहरे व माँ मोहिनी शिवहरे ने घोषित परीक्षा परिणाम में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय व परिवार का नाम रोशन किया है। चर्चा के दौरान प्रिशा शिवहरे ने बताया कि किसी भी क्षेत्र में सफलता अर्जित करने के लिए लगन व व्यवस्थित कार्य बहुत जरूरी है। जहाँ तक



बात विद्यार्थियों की है तो वे लगन के साथ-साथ अपने अध्ययन को निरंतरता प्रदान करें, तभी उन्हें सफलता प्राप्त हो सकती है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में अनेक युवा अध्ययन पर कम व सोशल मीडिया पर ज्यादा ध्यान देते हैं, यही उनके भविष्य के लिए घातक सिद्ध हो रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को सोशल मीडिया से दूर रहना चाहिए। इसका उपयोग सिर्फ और सिर्फ अध्ययन के लिए करें। अनावश्यक रूप से स्मार्ट फोन का उपयोग न किया जाए। यही विद्यार्थियों के हित में है। उनकी सफलता पर विद्यालय परिवार व उनके परिवारीजनों ने हार्दिक बधाई दी है।

# भाविप शाखा समर्पण ने पौधे लगाकर सकोरे बांटे



**ग्वालियर।** भारत विकास परिषद शाखा-समर्पण ने मंगलवार को पर्यावरण संरक्षण के तहत महाराज बाड़ा स्थित पार्क में 21 पौधे गमले में लगाकर 50 सकोरे पक्षियों के दाना पानी हेतु नागरिकों को भेंट किये। इस मौके पर श्रंयाश कुमार जैन क्षेत्रीय महासचिव, प्रांतीय संयोजक धर्मेन्द्र अग्रवाल, संरक्षक व शाखा प्रभारी अरविंद दुदावत, राष्ट्रगान प्रभारी संजय धवन, उपाध्यक्ष सीए मयूर गर्ग, पूर्व अध्यक्ष गुलाब सिंह प्रजापति, उपाध्यक्ष पंकज शर्मा, सचिव महेश धीमान, संयुक्त सचिव मिलिंद गर्ग, राष्ट्रगान वरिष्ठ मार्गदर्शक पन्नालाल निरंकारी, अशोक पमनानी, महेश जैसवाल, सुरेश अरोरा, सोशल मीडिया प्रभारी कमल रजक, लक्ष्मण सिंह बघेल, बालेश्वर सिंह परमार, विजय शाक्य, हीरालाल जैन, नेहा परमानी आदि उपस्थित थे।

# प्रियदर्शनी गुप्ता ने सीबीएसई 10वीं की बोर्ड परीक्षा में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय व परिवार का नाम रोशन किया

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**ग्वालियर।** गत दिवस सीबीएसई बोर्ड द्वारा कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। घोषित परीक्षा परिणाम में प्रियदर्शनी गुप्ता पुत्री राहुल गुप्ता व माता श्रीमती वंदना गुप्ता निवासी- फर्स्ट फ्लोर 201, तेजेन्द्र नाथ की गली, माँ कैलादेवी विला, लोहिया बाजार, ग्वालियर ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय व परिवार का नाम रोशन किया है। दैनिक हिन्दुस्तान एक्सप्रेस से चर्चा के दौरान प्रियदर्शनी गुप्ता ने कहा कि मन लगाकर किया गया अध्ययन विद्यार्थी को सफलता अवश्य दिलाता है। मैंने अपने गुरुजनों के मार्गदर्शन में



क्रमबद्ध तरीके से अध्ययन किया। इसी का परिणाम है कि मुझे 92 प्रतिशत अंक मिल सके। उन्होंने कहा कि मैं आगे भी इसी तरह अपने अध्ययन का क्रम जारी रखूंगी। मेरा प्रयास होगा कि आगामी बोर्ड परीक्षा में और भी अधिक अंक प्राप्त कर सकूं। उन्होंने बताया कि जो विद्यार्थी इस वर्ष किन्हीं कारणों से असफल हुए हैं वे उन कारणों का पता लगाकर अपने अध्ययन को नियमित करें उन्हें सफलता अवश्य मिलेगी। अंत में उन्होंने अपने गुरुजनों व परिवारीजनों को सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रियदर्शनी की सफलता पर अनेक लोगों ने बधाई दी है।

# उच्च न्यायालय अभिभाषक संघ का चुनाव कराने हस्ताक्षर अभियान शुरू

**ग्वालियर।** ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन जिला समिति ने गुरूवार को नवीन जिला एवं सत्र न्यायालय सिटी सेंटर के मुख्य गेट पर बैनर लगाकर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की। ए.आई.एल.यू के जिलाध्यक्ष रतन कुमार वर्मा एडवोकेट एवं जिला सचिव शैलेश बोहरे एडवोकेट ने बताया कि उच्च न्यायालय अभिभाषक संघ का कार्यकाल अप्रैल 2025 में पूर्ण हो चुका है फिर किस अधिकार के तहत कार्यकारिणी कार्य कर रही है, कई बार स्टेट बार काउंसिल को ज्ञापन देने के बाद जब आज दिनांक तक चुनाव की घोषणा नहीं की गई तब एक जागरूक संगठन होने के नाते ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन ने अभिभाषकों के बीच अभियान चलाकर जल्द चुनाव कराने की मांग शुरू की है। संगठन के राज्य सचिव सुबोध प्रधान एडवोकेट ने उच्च न्यायालय अभिभाषक संघ द्वारा चुनाव न कराने को घोर अलोकतांत्रिक करार देकर तानाशाहीपूर्ण कृत्य बताया जो कि कतई स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी अभिभाषकों से हस्ताक्षर अभियान में बढ़ चढ़कर भागीदारी करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अप्रैल 2025 के बाद कार्यकारिणी स्वतः ही समाप्त हो चुकी है, शीघ्र चुनाव कराया जाना बहुत जरूरी है।




स्वामित्वधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे के लिए मै. गुरुकृपा प्रकाशन प्रेस ,टी.आई.टी कॉम्पलेक्स मुरैना से मुद्रित एवं हिन्दुस्तान एक्सप्रेस परिसर नवीन नगर निगम मुख्यालय के सामने सिटी सेंटर ग्वालियर ( म.प्र. ) से प्रकाशित। R.N.I. No. MP HIN/2007/ 18763
सम्पादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे, प्रबंध संपादक विकास शिवहरे 9770080488, स्थानीय संपादक संजय त्रिपाठी सभी विवादों का न्याय क्षेत्र ग्वालियर न्यायालय होगा। फोन: 0751-2234001 मो. 94251-26060, 9425360435